मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-6, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 197 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

01 जनवरी 2024 सोमवार

आज का मौसम

26 अधिकतम

12 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

# अब आकाशगंगा रहस्य की खोज

**आज से नया साल 2024 शुरू हुआ तो हर तरफ इस साल का उत्साह नजर आ रहा है, लोग एकदूसरे को बधाईयां दे रहे हैं। सरकार की तरफ से कुछ नये बदलाव आज से प्रभावी हुए हैं। कुछ जरूरी चीजों की कीमतों में परिवर्तन हुए हैं। वहीं उपलब्धियों की कुछ छलांगों के साथ कुछ चेतावनियां भी आई हैं।**

## इसरो ने रचा इतिहास

2024 के पहले ही दिन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने इतिहास रच दिया उसने दुनिया का दूसरा और देश का पहला ऐसा सैटेलाइट लॉन्च कर दिया है, जो पल्सर, ब्लैक होल्स, आकाशगंगा और रेडिएशन आदि की स्टडी करेगा। इसका नाम एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट इसके साथ ही 10 अन्य पेलोड भी लॉन्च किए गए हैं। उपग्रह की लाइफ पांच साल की है। इसे सुबह 9.10 बजे लॉन्च किया गया. यह प्रक्षेपण पीएसएलवी रॉकेट श्रृंखला का 60वां प्रक्षेपण है। लॉन्चिंग से एक दिन पहले वैज्ञानिकों ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर की पूजा की। यह सैटेलाइट अंतरिक्ष में होने वाले रेडिएशन की स्टडी करेगा, उनके स्रोतों की तस्वीरें लेगा। इसमें लगे टेलिस्कोप को रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट ने बनाया है। मिशन की शुरूआत इसरो ने साल 2017 में की थी। इस मिशन की लागत 9.50 करोड़ रुपए है। लॉन्चिंग के करीब 22 मिनट बाद ही एक्सपोसैट सैटेलाइट अपनी निर्धारित कक्षा में तैनात हो चुका है।




**रात को ही खोलने पड़े पुरी के पटः** नए साल पर देशभर के धार्मिक स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ी. इस दौरान ओडिशा के पुरी में स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर में भी भक्तों की कतार नजर आई. हालांकि, नए साल पर भीड़ से बचने के लिए मंदिर प्रबंधन ने विशेष इंतजाम किए। इससे भीड़ को काबू करने में काफी मदद मिली।आम तौर पर मंदिर दर्शन के लिए सुबह करीब 5.30 बजे खुलता है। अखंड दीप (मंगल आरती) के बाद भक्तों को मंदिर के जगमोहन (भीतर कथा) तक प्रवेश की अनुमति दी जाती है. लेकिन नए साल (1 जनवरी) पर देर रात 1 बजे ही जगन्नाथ मंदिर के दरवाजे खोल दिए गए।

## सिलेंडर के दाम घटे, ब्याज बढा

आज ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर से कटौती की है। दिल्ली से मुंबई तक कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 1.50 रुपये से लेकर 4.50 रुपये तक सस्ता हुआ है। ताजा बदलाव के बाद राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 1755.50 रुपये पर आ गई है, तो वहीं मुंबई में दाम 1708.50 रुपये हो गया है। हालांकि घरेलू सिलेंडर की कीमतों में इस बार भी कमी नहीं हुई है। इसके अलावा हवाई ईंधन यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में कमी करते हुई इसे 1.06 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से घटाकर 1.01 लाख रुपये प्रति किलोलीटर कर दिया गया है।

## अब सेविंग स्कीम में फायदा

जनवरी की पहली तारीख से दूसरा बड़ा बदलाव सरकारी सेविंग स्कीम में है।बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दरें वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए 0.20 फीसदी बढ़ गई है. यानी अब इसमें निवेश करने पर सालाना 8 फीसदी नहीं, बल्कि 8.20 फीसदी का ब्याज मिलेगा।

## दिग्गज क्रिकेटर ने छोड़ा खेल



डेविड वॉर्नर ने नए साल के पहले ही दिन वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। बाएं हाथ के इस अनुभवी बल्लेबाज ने प्रतिष्ठित सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (SCG) में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले अपने विदाई टेस्ट मैच से दो दिन पहले यह फैसला सुनाया। 37 साल के वॉर्नर ने वर्ल्ड कप 2023 के दौरान 50 ओवरों के प्रारूप से संन्यास लेने पर विचार किया था। वॉर्नर ने कहा कि उन्हें अपनी पत्नी कैंडिस और तीन बेटियों- आइवी, इसला और इंडी को अधिक समय देने की जरूरत है।

## बरसों बाद लाल चौक हुआ गुलजार

श्रीनगर के लाल चौक पर नए साल पर पहली बार भव्य जश्न मनाया गया। युवाओं ने 2024 के स्वागत के लिए शाम होते ही जश्न मनाना शुरू कर दिया जो देर रात तक चलता रहा। नए साल के स्वागत के लिए कश्मीर के युवा लाल चौक पर इकट्ठा हुए और धूमधाम से 2024 का स्वागत किया। आम जनता के साथ-साथ पर्यटकों का भी जमावड़ा दिखा। लोगों में लाल चौक पर 2024 का जश्न मनाने को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया।

## शेयर बाजार भरभराया, सेंसेक्स निफ्टी टूटे

बीते सप्ताह खूब गुलजार रहा शेयर बाजार आज हिलता दिखा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 101.17 अंक टूटकर 72,139.09 के स्तर पर खुला। इसके साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 20 अंक फिसलकर 21,711 के स्तर पर ओपन हुआ. बाजार खुलने के साथ ही जहां 595 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, तो वहीं 162 शेयरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## जिंदा नास्त्रेदमस ने 7 खतरे बताए





भविष्य बताने का दावा करने वाले शख्स एथोस सैलोमे ने साल 2024 के लिए अपनी फाइनल भविष्यवाणी की है। उन्होंने ऐसी सात घटनाओं के बारे में बताया है, जो इस साल हो सकती हैं। एथोस ब्राजील में रहते हैं। भविष्यवाणियों लेकर उन्हें 'जीवित नास्त्रेदमस' भी कहा जाता है। एथोस के किए कई दावे सच भी हुए हैं. इसमें बीते साल महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मौत से लेकर एलन मस्क के ट्विटर को एक्स करना तक शामिल हैं। एथोस ने कहा है कि अगर तेजी से कार्रवाई नहीं की गई, तो दुनिया में ये बड़ी घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने कहा है कि तीसरे विश्वयुधद का खतरा है तथा दक्षिण चीन सागर में बढ़ेंगी चिंताएं। भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ-साथ कोरियाई प्रायद्वीप में भी चिंता हो सकती है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर उम्मीद जताई है. एथोस ने कहा कि युवा इस मामले में काफी ध्यान देंगे। वहीं अर्थव्यवस्था और टेक्नोलॉजी विकसित होने के कारण 2024 में बुनियादी आय पर वैश्विक चर्चा हो सकती है। एथोस ने 2024 तक प्रगति की उम्मीद के साथ भारत को 'टाइगर' बताया है। फिलीपींस, वियतनाम और चीन जैसे एशियाई देशों को प्रभावित करने वाले तूफानों में तीव्रता की भविष्यवाणी की। एथोस ने कहा कि इस साल स्वास्थ्य संकटों के लिए तैयार रहना जरूरी है।

### हनुवंतिया से खरगोन पहुंचे यादव, पीएम ग्रामीण सड़क कार्यक्रम

# सीएम की नजर आज विकास व शहरी कानून व्यवस्था पर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नये साल की शुरूआत के साथ आज ही मप्र की मोहन यादव सरकार ने कामकाज की नई शुरूआत कर दी है। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने हनुवंतिया में रात बिताई और सुबह नये साल का स्वागत किया, यहां से वे खरगोन पहुंचे हैं,जहां प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। वे यहां से इंदौर लौटकर कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करेंगे। वहीं भोपाल में मप्र के सभी मंत्रियों को विभाग वितरण के बाद अब कक्षों का वितरण भी कर दिया गया है। अधिकांश मंत्रियों को नये मंत्रालय भवन में ही कक्ष आवंटित किये गये थे। कई मंत्री तो भोपाल में ही हैं और कुछ आज दोपहर तक लौट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने सभी मंत्रियों को सप्ताह के पहले तीन दिन





भोपाल में ही रहने के निर्देश दिये हुए हैं। ह्यह्यह्यवहीं यह भी खबर है मप्र की मोहन सरकार वर्दी वाली सभी भर्तियां जल्द करने के मूड में है। इसके तहत पीएचक्यू को अधिकार संपन्न बनाया जा रहा है। विवादित ईएसबी से मुक्ति भी मिल सकती है। गौरतलब है कि वर्दी वाली सेवाओं में पुलिस, वन, आबकारी आरक्षक, जेल प्रहरी भी शामिल हैं। पुलिस में हाल में बड़ी भर्ती को भी हरी झंडी दी गई है।

## जनता संतुष्ट थी, तभी भाजपा को बहुमत मिलाः शिवराज

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** पूर्व मुखयमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि मप्र में भाजपा ने बड़े बहुमत से अब तक का सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत लेकर सरकार बनाई है। इसका अर्थ सीधा यह है सरकार के कामों से मध्य प्रदेश की जनता प्रसन्न थी, आनंदित थी, विकास और जनकल्याण दोनों ने जनता के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था, इसलिए



हमें भारी बहुमत मिला। शिवराज ने प्रदेशवासियों को नर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्धानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता, संगठन के कार्यकर्ताओं का काम, संगठनों के प्रयास, सभी ने जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन सरकार के कामों का इसमें महत्वपूर्ण योगदान है चाहे वह विकास के हो या जनकल्याण के काम हो।

## महिला ने पति को गोली मारकर किया सरेंडर



**उज्जैन।** बड़नगर के इंगोरिया में एक महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते पति और जेठ को गोली मार दी। जिससे पति की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं जेठ घायल बताया जा रहा है। जिसे इंगोरिया पुलिस इलाज के लिए उज्जैन लेकर रवाना हो गई है। वहीं इस वारदात को अंजाम देने के बाद महिला ने पिस्टल के साथ थाने में सरेंडर कर दिया।

## ड्राइवरों का चक्काजाम, पेट्रोल डीजल की बढेगी किल्लत

**भोपाल।** केंद्र सरकार द्वारा लाये जा रहे हिट एंड रन के नए कानून को लेकर ड्राइवरों में रोष के चलते हालात बिगड सकते हैं। प्रदेश में चालक इसके विरोध में सड़कों पर हैं। इंदौर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम मार्ग पर जो ट्रक थे, वहीं चालकों ने खड़े कर दिए। वहीं कई यात्री बसें भी चालकों ने नहीं चलाई। इससे जाम की स्थिति है। नए वर्ष के पहले दिन ट्रक, यात्री बसों समेत स्कूल बसों के पहिए थमे रहेंगे। भोपाल सिटी बसें भी बंद रहेंगी। पेट्रोल टैंकर चालकों की हड़ताल के बाद इंदौर में गंगवाल बस स्टैंड चौराहे पर बस ड्राइवरों ने चक्का जाम कर चौराहा जाम कर दिया। प्रदेश में इससे पेट्रोल डीजल समेत अन्य जरूरी सामान की भी किल्लत हो सकती है।



## भाजपा वापस फेंक देगी सोनिया का मुरब्बा

**नई दिल्ली एजेंसी।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी क्या खाते हैं तथा क्या सबसे ज्यादा पसंद है? यह बात कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दुनिया को अपनी किचन से रूबरू कराते हुए बताई है। नए साल की पूर्व संध्या पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के यूट्यूब चैनल पर जारी एक वीडियो में सोनिया गांधी ने अपने खाने की पसंद को साझा किया। वीडियो में दोनों नेता संतरे का मुरब्बा (जैम) बनाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में राहुल कहते हैं कि यह उनकी बहन प्रियंका की रेसिपी है। खास बात यह है कि 'मां, यादें और मुरब्बा' शीर्षक वाले वीडियो में दोनों मां-बेटा सोनिया और राहुल गांधी भोजन के बारे में हल्का-फुल्का मजाक भी करते नजर आ रहे हैं। मुरब्बा बनाते समय राहुल गांधी कहते हैं, 'यदि भाजपा वालों को जैम लेना है तो वे भी ले सकते हैं। आप क्या कहती हैं मम्मी' इस पर सोनिया गांधी ने चुटकी लेते हुए कहा, 'वे इसे हम पर वापस फेंक देंगे।'



## भोपाल में 30 फीट ऊंचे ब्रिज से गिरी 2 की हालत नाजुक



**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित लहारपुर में एक तेज रफ्तार कार ब्रिज से नीचे गिर गई। करीब 30 फीट की ऊंचाई से कार गिरने से कार सवार दो लोगों को गंभीर चोट आई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अस्पताल से कोई सूचना नहीं मिली है पुलिस मौके पर पहुंची थी कार चेक कर ली गई है। कार में कोई नहीं मिला है। पुलिस अस्पतालों में पता लगा रही है की कार में कितने लोग थे।

## न्यूईयर पार्टी से लौटते वक्त हादसा, 6 दोस्तों की मौत

**जमशेदपुर एजेंसी।** झारखंड के जमशेदपुर से नए साल के पहले दिन ही तड़के एक भीषण सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई. घटना बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस एरिया इलाके में हुई है। खबर के मुताबिक एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर पे? से टकरा कर पलट गई। इससे कार सवार 6 युवकों की मौत हो गई। जिस गाड़ी के साथ ये हादसा हुआ है उसमें कुल 8 लोग सवार थे. इसमें से 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 2 युवकों की जान बच गई। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी हुई है कि मृतक युवक पार्टी मनाने कहां गए थे।

**मेट्रो एंकर**

### एक्यूआई लेवल 305 के पार, हालात खराब...

# भोपाल, समेत प्रदेश भर में वायु प्रदूषण जानलेवा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नए साल में वायु प्रदूषण कम नहीं हुआ है, बल्कि बढ़ता जा रहा है। साल के पहले दिन सोमवार सुबह भोपाल के कलेक्टर कार्यालय क्षेत्र का एयर क्वालिटी इंडेक्स 305 व पर्यावरण परिसर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 301 रहा है जो कि चिंता पैदा करने वाला है। इसकी आदर्श स्थिति 50 तक या उससे नीचे होती है। इसमें तेजी से बढ़ोतरी की वजह पीएम 2.5 का स्तर है, जो कि तेजी से बढ़ रहा है। ये पीएम 2.5 सूक्ष्म कण होते हैं जो कि पर्यावरण में वाहनों, कचरा जलाने से निकलने वाले धुएं, विभिन्न तरह के कारखानों के धुएं, धूल के महीन कण आदि से निकलते हैं।



### प्रदेशभर में बढ़ा वायु प्रदूषण

अकेले भोपाल की ही बात नहीं है, बल्कि वायु प्रदूषण में बढ़ोतरी प्रदेश भर में हो रही है। ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, इंदौर, सिंगरौली जैसे शहरों की स्थिति भी ठीक नहीं है। यहां भी आए दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार पहुंच रहा है।

### ऐसे कम हो सकता है प्रदूषण

कचरा जलाने पर पूरी तरह रोक लगा दी जाए। शहर में वाहनों का दबाव कम करें। चिमनियों की उंचाई बढ़ाई जाए, तेंदुर भट्टी पूरी तरह बंद की जाए। धूल के स्तर को कम से कम कर दिया जाए, खुले में किए जा रहे निर्माण कार्यों को कवर्ड कराएं जाएं, कच्ची सड़कों को पक्का किया जाए और बनाई जा रही सड़कें बार–बार खराब न हो।

# भोपाल में न्यू ईयर सेलिब्रेशन: क्लब में बजे ढ़ोल





*साल 2023 को अलविदा कहते हुए नए साल 2024 का आगाज हुआ। बड़ी संख्या में हर उम्र के लोग नए साल को सेलिब्रेट करने शहर के होटल्स और रिसॉर्ट पहुंचे। यहां अलग-अलग पार्टी थीम रखी गई ।*

### अयोध्या में क्राउड मैनेजमेंट के चलते पहले ट्रेनें नहीं चलाने का निर्णय

# अयोध्या के लिए 22 के बाद नियमित ट्रेनें भी मिलेंगी

## स्पेशल ट्रेनें भी इसी तारीख के बाद चलेंगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अयोध्या जाने के लिए नियमित ट्रेनें भी मिलेंगी लेकिन इन ट्रेनों से पहले स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इनकी शुरुआत 22 जनवरी के बाद होगी। अयोध्या नगरी में एक दम से लोगों का दबाव न बढ़ जाए, इसे देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। रेलवे बोर्ड के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अभी रेल मंत्रालय ट्रेनें चलाए जाने से जुड़े सभी पहलुओं को बारिकी से समझ रहा है ताकि यह समय किया जा सके कि आने वाले समय में किन राज्यों से कितनी ट्रेनें चलाई जाए। हालांकि यह सबकुछ अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहुंचने वाले लोगों की रूचि को देखते हुए किया जाएगा।

फिलहाल अयोध्या जाने के लाखों इच्छुक है लेकिन जाने का कोई साधन नहीं मिल रहा है। लोग स्वयं के वाहनों की मदद से जाना चाहते है लेकिन जाम में फंसने की आशंका है।



### कुछ ट्रेनों का मार्ग बदला जाएगा, कुछ का विस्तार करेंगे

नई ट्रेन चलाने का आशय यह नहीं है कि अयोध्या जाने के लिए सभी राज्यों से अलग–अलग नई ट्रेनें चला दी जाएंगी बल्कि जो ट्रेन पूर्व से अध्योया के आसपास के स्टेशनों से होकर गुजर रही है या वहां जाकर समाप्त होती है। उन ट्रेनों को अध्योया स्टेशन से होकर गुजारा जाएगा। साथ ही अयोध्या के पहले समाप्त होने वाली ट्रेनों का विस्तार वहां तक करने की भी योजना है। इसके बाद भी श्रद्धालुओं की मांग बढ़ती है तो उसे रेलवे बोर्ड पूरा करेगा। उल्लेखनीय है कि अयोध्या का धार्मिक महत्व तो था ही अब मंदिर निर्माण से यह और बढ़ जाएगा। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाएगी। दूसरे धार्मिक स्थलों की तर्ज पर लाखों लोग अयोध्या की यात्रा करेंगे। इसके लिए लोक परिवहन की जरुरत होगी, जिसका सबसे प्रभावी विकल्प ट्रेनें ही है इसलिए रेलवे को भोपाल ही नहीं, बल्कि अलग-अलग शहरों से अयोध्या के लिए रेल सेवाओं का विस्तार करना पड़ेगा।

### स्पेशल ट्रेनें भी बाद में ही चलेंगी

रेलवे के जानकारों का कहना है कि स्पेशल ट्रेनें भी 22 जनवरी के बाद ही चलेंगी। असल में 22 जनवरी को अध्योया में निर्माणाधीन भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। भोपाल समेत देशभर के अलग-अलग शहरों से लोग इस दिन अयोध्या पहुंचना चाहते हैं, इसलिए इस दिशा में चलने वाली ट्रेनों में नो रूम की स्थिति बन चुकी है। रेलवे ने शुरू में इस दिन से पहले ट्रेनें चलाने की तैयारियां शुरू की थी लेकिन बाद में अयोध्या में श्रद्धालुओं के संभावित दबाव को देखते हुए 22 जनवरी के पहले विशेष ट्रेनें चलाने का विचार छोड़ दिया है। अब सभी ट्रेनें बाद में ही चलेंगी।

# विद्यार्थी या आमजन बिना हेलमेट के आरजीपीवी परिसर में नहीं ले सकेंगे प्रवेश



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### प्रबंधन ने लगाई बिना हेलमेट एंट्री पर रोक, सुरक्षा कर्मी के साथ अधिकारी भी तैनात

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ( आरजीपीवी ) परिसर में अब कोई भी विद्यार्थी या आमजन को बिना हेलमेट के प्रवेश नहीं कर सकेगा। इसके साथ ही परिसर में प्रवेश का कारण बताने के साथ एंट्री भी करना अनिवार्य होगा। वहीं अब कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना कारण बताए आरजीपीवी परिसर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। बाहरी आवाजाही पर भी प्रबंधन द्वारा नजर रखी जा रही है।

दरअसल, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ( आरजीपीवी ) प्रबंधन ने अब परिसर में विद्यार्थियों को बिना हेलमेट पहने एंट्री पर रोक लगा दी है। इसके कुलपति ने बकायदा मेन गेट पर सुरक्षाकर्मी और अधिकारियों को तैनात किया है, जो इस आदेश का पालन कराएंगे।

### आधा दर्जन सुरक्षाकर्मी के साथ एक अधिकारी तैनात

इसके लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। मुख्य द्वार पर आधा दर्जन सुरक्षाकर्मी के साथ एक अधिकारी को पदस्थ किया है। इसमें व्यक्ति को आरजीपीवी में प्रवेश लेने कारण बताना होगा। वह बाइक पर है, तो उसे हेलमेट लगाना जरूरी होगा। इसके बाद उसे मुख्य द्वार पर रखे रजिस्टर पर एंट्री तक करना होगी। इसमें उसे गाडी का नंबर अपना मोबाइल नंबर तक दर्ज करना होगा। उक्त एंट्री को रजिस्ट्रार स्वयं शाम को कार्यालय बंद होने के बाद देखेंगे।

### प्रोफेसर के आवेदन 15 तक

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय प्रबंधन ने एडजंक्ट फैकल्टी ( प्रोफेसर ) के अपॉइंटमेंट्स के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि में बढ़ोत्तरी की है। उम्मीदवार अब 15 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया के बाद 3 से 6 साल के समय के लिए नियुक्ति की जाएगी। इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के लिए उम्मीदवार के पास बीई, बीटेक, एमई, एमटेक के साथ कम 10 साल का टीचिंग का अनुभव मांगा गया है।

**विवाद के मामले में तय होंगे आरोप:** गत दिवस हुए विवाद में आरजीपीवी आधा दर्जन छात्रों को चोटें आई थीं। इस प्रकरण में गांधी नगर थाने में सात छात्रों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के अध्यक्ष ने यूआईटी डायरेक्टर सहित अन्य अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा की। बोर्ड ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे। अब फुटेज और छात्रों के बयानों के आधार पर छात्रों पर आरोप तय किए जाएंगे।

## सिंधी महिला पंचायत की रामधुनी का समापन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी महिला पंचायत द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राम धुनी और प्रेमप्रकाश ग्रन्थ का समापन रविवार को हुआ। लाइफ लाइन स्कूल में राम ओर कृष्ण का जाप किया जा रहा था। समापन भोग साहिब धर्म गुरु पदमा उदासी ने किया। इस अवसर पर कन्या भोजन का आयोजन भी हुआ। साथ ही भंडारे का आयोजन भी हुआ।

उदासी ने कहा कि भगवान राम के जाप से हर दुख नष्ट हो जाता है और इंसान भवसागर से पार उतर जाता है। समापन्न अवसर पर कमल प्रेमचंदानी, राजेश बेलानी, साबुमल रीझवानी, लोकेश वाधवानी रामधुनी में पहुंचे और राम कृष्ण के जाप किया। इस अवसर पर पंचायत सदस्य किरण वाधवानी, नूतन लखवानी, माया बालवानी, लता लालवानी, नैना वाधवानी, मयूरी मूरजानी आदि उपस्थित थे।

# मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप के कलाकारों ने दी यादगार प्रस्तुति

## नए कलाकारों को मंच देना सराहनीय: वासवानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप के कलाकारों ने राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में यादागार प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि सुशील वासवानी, पूर्व अध्यक्ष आवास संघ थे। जबकि, विशेष अतिथि रमेश जनयानी, राजू जाट, अधिवक्ता डीपी समतानी का स्वागत ग्रुप के संचालक रामचंद सभनानी, कार्यक्रम के आयोजक विवेक नागरूरकर, उप संचालक सुरेश तनवानी, उप संचालक चुनी लाल जेठानी ने किया।

वासवानी कहा नए उभरते हुए कलाकारों को मंच देने का प्रयास सराहनीय है। ग्रुप के संचालक रामचंद सभनानी एवं कार्यक्रम के आयोजक विवेक नागरूरकर को बधाई दी। कार्यक्रम में रोशनलाल उतवानी, संस्थापक राष्ट्रीय सिंधी मंच कोषाध्यक्ष वासु गुलानी, सिंधी साहित्य अकादमी



के पूर्व अध्यक्ष अशोक बुलानी, व्यास म्यूजिकल ग्रुप के संचालक, संजय पीएल व्यास, सुर शंकरा ग्रुप के संचालक सुरेश गर्ग एवं गायक नरेश गिदवानी, तारिक अंसारी, लाइक भाई, साजिद प्रेमी, राकेश तुलसियानी, एडवोकेट अनिल जैवर, एडवोकेट उमेश शिरोमणि द्विवेदी, एडवोकेट शब्बीर सिद्दीकी, नरेश पेसवानी के अलावा कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रोशनी एवं मधु ने किया। उप संचालक श्री सुरेश तनवानी ने आभार प्रदर्शन किया।

## शैक्षणिक भ्रमण में विज्ञान पर्यावरण से जुड़े स्टूडेंट्स



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

ज्वाला कान्वेंट स्कूल में बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए विज्ञान आंचलिक केंद्र, मेट्रो पार्क एवं कमला पार्क का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को विज्ञान एवं पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गई।

प्राचार्य राज बतरा ने बताया कि बच्चों को विज्ञान आं9चलिक केंद्र में बच्चों को विज्ञान के प्रयोग से संबंधित वस्तुओं मोबाइल इंजन ,पेंडुलम और विज्ञान सोलर सिस्टम और तारामंडल और थ्रीडी मूवी विज्ञान की जानकारी दी गई। मेट्रो सिटी पार्क में बच्चों ने मेट्रो ट्रेन को देखा। कमला पार्क में बच्चों को पर्यावरण से संबंधित शिक्षिकाओं ने जानकारी दी गई।

**मेट्रो एंकर**

### कार सेवकों को याद करते हुए युवाओं ने किया रक्तदान

# रक्त से राम मंदिर की आकृति बनाई


**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

गुरुनानक मंडल द्वारा हनुमान गढ़ी मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर में वर्ष 2023 के अंतिम दिन 23 युवाओं ने थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान किया एवं अपने रक्त से अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर की आकृति बनाई। इस अवसर पर राकेश कुकरेजा ने बताया के थैलीसीमिया पीड़ति बच्चों को हर 15 दिन में रक्त आवश्यकता होती है, रक्त न मिलने के कारण कई बार जान जाने का खतरा बना रहता है इसे देखते हुए आज युवाओं ने रक्तदान किया। कुकरेजा ने बताया अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण में शहीद हुए कार्यसेवको को याद करते हुए युवाओं के रक्त से अंतराष्ट्रीय टेटू आर्टिस्ट हैरी नाथानी द्वारा राम मंदिर की आकृति बना कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भगवान दास ढालिया, नरेंद्र ठाकुर, राजा शर्मा, सुनील सराठे, संदीप कल्याणे, मनीष मकोरिया, राज मकोरिया, प्रभात मालवीय, निकी ठाकुर, चंदू यादव, राजकुमारी डागोर, सुकांति ठकुरिया, लक्ष्मी महाजन, रामू बहता, संजय राठौर सहित युवा साथियों ने रक्तदान किया।



### कलश यात्रा निकाली

बजरंग सेना समिति एवं बी - वार्ड मोहल्ला समिति ने सैनिक कॉलोनी नुक्कड वाली माता मंदिर से लेकर बी वार्ड झूलेलाल मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। समिति के अध्यक्ष देवानी ने बताया कि एक व दो जनवरी 2024 को घर-घर राम अक्षत एवं राम चित्र दिये जाएंग्रे, जो अक्षत रहेंगे वो अयोध्या राम मंदिर से आए है। समिति लोगों से अपील करेगी, घरों में राम का चित्र लगाएं। 22 जनवरी को सभी अपने अपने घरों एवं मंदिरों को दीपों से प्रज्ज्वलित करें पटाखो फोड़े।


मुख्य मार्गों से जुड़कर - विकास होगा बेहतर
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
अंतर्गत एवं अन्य विकास कार्यों का
शिलान्यास व लोकार्पण
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
1 जनवरी, 2024 | दोपहर: 12.00 बजे
नवग्रह मेला ग्राउंड, खरगोन, मध्यप्रदेश
₹ 182 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत इंदौर संभाग के ₹ 167 करोड़ की लागत के 41 विकास कार्य।
नान कौड़ी बैराज, झिरन्या एवं करही बैराज भगवानपुरा लागत ₹ 7.54 करोड़।
भीकनगांव-झिरन्या मार्ग पर ₹ 5.88 करोड़ की लागत से नवीन पुल निर्माण।
कायाकल्प योजना 2.0 अंतर्गत खरगोन जिले में ₹ 2 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण।
D11158/23
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश शासन

सुविचार

''शब्द ही खुशी शब्द ही गम,
शब्द ही परेशानी शब्द ही सुलझन।''
– अज्ञात


l ikndh;

# कूटनीतिक राहत

एक राहत भरी खबर खाड़ी देश कतर से आई है कि भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों को फांसी की सजा नहीं दी जाएगी,हालांकि उन्हें कैद में ही रखा जाएगा। वहां की अपीलीय अदालत ने यह आदेश दिया है। हालांकि, अभी फैसले से जुड़े डीटेल्स सामने नहीं आ सके हैं। फिर, यह भी पता चलना बाकी है कि इन नौसैनिकों को आगे क्या व कितनी सजा मिलेगी। प्रारंभिक तौर पर इसे भारत की कूटनीतिक सफलता माना जाना चाहिये। खास बात यह है कि भारत के आठ पूर्व नौसैनिक अफसरों को फांसी की सजा सुनाए जाने की खबर मिलने के बाद भी यह स्पष्ट नहीं था कि उन पर आरोप क्या लगाए गए हैं, उनके खिलाफ सबूत क्या पाए गए हैं। ऐसे में इन पूर्व नौसैनिकों के परिवार वालों की हालत समझी जा सकती थी। कतर के स्थानीय मीडिया में सूत्रों के हवाले से जो अपुष्ट खबरें बाहर आ रही थीं, उनके मुताबिक इन नौसैनिकों पर इस्राइल के लिए जासूसी करने का आरोप है। वैसे तो जब तक कोई आधिकारिक सूचना न हो, तब तक उस पर बात करने का ज्यादा मतलब नहीं बनता, लेकिन लोकल मीडिया में ऐसी खबरों का आना इतना तो बता ही देता है कि वहां का जनमत इन आरोपों को लेकर कितना संवेदनशील होगा। ऐसे में भारत सरकार ने ठीक ही कदम उठाए व मामले को बेहद संयत ढंग से उठाया। कूटनीतिक स्तर पर भी प्रयास जारी रखे गए, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि कतर के नियम-कानूनों का सम्मान करते हुए न्यायिक प्रक्रिया के जरिए इस मसले को सुलझाया जाएगा। अब तक का घटनाक्रम बताता है कि यह तरीका धीरे-धीरे ही सही पर सफल साबित हो रहा है। फिर भी समझना होगा कि अभी चीजें बहुत शुरुआती स्तर पर हैं। तय नहीं है कि आगे घटनाक्रम कैसा आकार लेगा। चूंकि कतर और भारत के बीच 2015 में कैदियों के आदान-प्रदान का समझौता हो चुका है, इसलिए इस बात के लिए भी प्रयास किया जा सकता है कि इन कैदियों को बाकी की सजा काटने के लिए भारत भेज दिया जाए। एक और संभावना यह है कि कतर के शाह किसी मौके पर इन कैदियों को माफी दे दें। मगर फिलहाल एक रास्ता वहां के सुप्रीम कोर्ट में जाकर सजा को और कम करवाने की कोशिशों का भी है। इसलिए अभी संयम बनाए रखते हुए प्रयास जारी रखने की जरूरत है। फिर भी, भारत सरकार ने इस मामले में जितनी तत्परता और कुशलता दिखाई है, उसकी सराहना की जानी चाहिए। मगर भारत सरकार की कोशिशों से यह संदेश तो साफ तौर पर फिर उभरा है कि भारत विदेश में रह रहे अपने लोगों का मुसीबत में कभी साथ नहीं छोड़ता। दुनिया भर में फैले प्रवासी भारतीय समुदाय के लिए ही नहीं, देश में रह रहे उनके परिजनों के लिए भी और अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की साख के लिहाज से भी यह अहम है। कतर के इस मामले में शुरूआती तौर पर ही मान लिया गया था कि यह मामला भारत के कूटनीतिक कौशल का इम्तिहान ही होगा, वजह यह कि कुछ पुराने मामलों को लेकर कतर के साथ भारत के साथ कुछ खींचतान की स्थिति भी बन चुकी थी,लेकिन आज की तारीख में भारत एक ऐसे देश के रूप में दुनिया में प्रतिष्ठित हो चुका है,कि अन्य कोई भी छोटा या बड़ा देश भी उसकी जरूरत व हैसियत को अनदेखा नहीं कर सकता।

# नए वर्ष में देश के सुनहरे पन्नों को सुरक्षित संवारने की चुनौती और विश्वास

आलोक मेहता



इतिहास के काले पन्नों को बहुत पीछे दबाते हुए नए सुनहरे पन्ने लिखे गए। ऊँची पर्वत श्रंखला पर पहुँच गए। युद्ध में नए इलाकों पर विजय पाते गए। लेकिन असली चुनौतियाँ इसके बाद शुरू होती है। नया इतिहास या पुराने में सुनहरे पृष्ठ लिखने के बाद उनकी चमक बनाये हुए सुरक्षित रखना कठिन होता है। पर्वत की ऊंचाइयों पर स्वयं टिके रहना और उस पर लगाया ध्वज निरंतर लहराते रखने की व्यवस्था आसान नहीं होती। युद्ध की विजय के बाद उन इलाकों को संभालना और लोगों को खुशहाल रखना असली परीक्षा होती है। यह बात प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी , उनकी सरकार और पार्टी की सत्ता के दसवें वर्ष में पर लागू हो रही है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के समर्थन से फटाफट इतने ऐतिहासिक निर्णय लागू कर दिए कि देश ही नहीं दुनिया चौंक गई। चाहे जम्मू कश्मीर के लिए अनुच्छेद 370 की समाप्ति या तीन तलाक की भयावह कुप्रथा , अंग्रेजों के बनाए आने कानूनों को खत्म करना अथवा दशकों से आधे रास्ते पर खड़े पडोसी हिन्दुओं के लिए नागरिकता देने का निर्णय या ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक विकास के क्रांतिकारी कदम लोकतंत्र के इतिहास में हमेशा महत्वपूर्ण रहने वाले हैं। इसलिए नए वर्ष 2024 की राजनीतिक आर्थिक अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के साथ नई आशा और विश्वास की झलक दिख रही है।

देश 2024 में आम चुनावों के लिए तैयार हो रहा है, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी आराम से शीर्ष स्थान पर बैठी है, जबकि विपक्ष पकड़ बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। भाजपा को यह लाभ मुख्य रूप से मोदी की स्थायी लोकप्रियता के कारण है। अन्तर्राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के अनुसार , 78 प्रतिशत भारतीयों ने मोदी के कार्य प्रदर्शन को मंजूरी दी। सर्वेक्षण इस बात की पुष्टि करते हैं कि मोदी की लोकप्रियता बरकरार है और इससे उनकी पार्टी का दबदबा कायम है। हाल के विधान सभा चुनावों ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) को बड़ा समर्थन दिया। पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में चुनावों में जीत हासिल की। कांग्रेस को एकमात्र जीत दक्षिणी राज्य तेलंगाना में मिली। जहां तक 2024 के संसदीय चुनावों का सवाल है, भाजपा मजबूती से शीर्ष स्थान पर बनी हुई है। यह लाभ मुख्य रूप से मोदी की स्थायी लोकप्रियता से प्रेरित है। एक तरफ गरीबों के लिए कई योजनाओं का लाभ और दूसरी तरफ करोड़ों भारतीयों की आस्था और धार्मिक भावनाओं से जुड़े अयोध्या में श्रीराम के मंदिर के भव्य निर्माण की सफलता नरेंद्र मोदी के लिए व्यापक समर्थन परिलक्षित कर रही है 7

विपक्षी गठबंधन ने सामूहिक रूप से भाजपा से मुकाबला करने की बात कही है, लेकिन कम से कम तीन मामलों में उसे कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सबसे पहले, गठबंधन को एक साझा मंच पर सहमत होना चाहिए जो मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के प्रति अड़ियल विरोध से परे हो। इस गठबंधन को शासन के लिए एक वैकल्पिक दृष्टिकोण भी पेश करना होगा 7अब तक यह गठबंधन नेतृत्वविहीन है। वर्तमान दौर में आपात काल के बाद हुए चुनाव और बाद में प्रधान मंत्री का नाम तय होने की स्थिति से तुलना बेमानी है। हम जैसे पत्रकार गवाह हैं कि 1977 में बड़ी विजय के बाद प्रधान मंत्री और उप प्रधान मंत्री पद के लिए चरण सिंह और जगजीवन राम ने कितने सप्ताह हंगामे किए। यही नहीं उप प्रधान मंत्री बनने के बाद भी लड़ाई जारी रही और दो साल में सरकार गिर गई। गठबंधन में गुजराल , देवेगौड़ा , चंद्रशेखर कितनी देर प्रधान मंत्री रह सके ? इसलिए 2024 में लोक सभा के टिकट बंटवारे से लेकर परिणाम आने तक प्रतिपक्ष की जोड़ तोड़ दिखती रहेगी 7




आगामी आम चुनाव प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के आर्थिक उद्देश्यों को प्रभावित करेगा। ये चुनाव रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित संघीय व्यय योजनाओं और घोषणाओं को प्रभावित करेंगे।नवीनतम अनुमान के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर तक पहुंचने की राह पर है और 2026 में। प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। सितंबर में समाप्त तिमाही के आंकड़ों से पता चला है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में साल-दर-साल 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह देश को एक विदेशी निवेश के लिए उपयुक्त आकर्षक केंद्र के रूप में स्थापित करता है, जो 2024 में चीन के 5 प्रतिशत से कम के विकास पूर्वानुमान से आगे निकलने के लिए भी तैयार है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, भारत 2027 तक जापान को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। और जर्मनी, जिसका सकल घरेलू उत्पाद 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

कोविड महामारी के बाद, घरेलू मांग में सुधार, विशेष रूप से निजी उपभोग और घरेलू खर्च में, व्यापार विस्तार योजनाओं को सुविधाजनक बनाया गया । भारत का बड़ा उपभोक्ता आधार , बढ़ती शहरी आय और दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी की आकांक्षाएं शामिल हैं। भारत एक अच्छी तरह से विकसित बाजार है, जिसकी विशेषता मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों द्वारा समर्थित एक सम्मोहक विकास कथा है। अर्थव्यवस्था में पर्याप्त कार्यबल का प्रवेश, डिजिटल क्षमताओं से लैस आबादी और एक संपन्न नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का विकास सामूहिक रूप से एक व्यापक प्रतिभा पूल के निर्माण में योगदान देता है। निवेश के क्षेत्र में, भारत की अपील कायम है, जो वैश्विक कंपनियों को पर्याप्त पैमाने, कुशल प्रतिभा और अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करती है। सूक्ष्म, लघु या मध्यम उद्यम उपभोग, विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के निवेश में निरंतर वृद्धि के लिए नौकरियों, आय, क्षमताओं और पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण बने रहेंगे। 2024 में भारत में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने वाले प्रमुख उद्योगों में स्वास्थ्य सेवा और बीमा, फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु तकनीक, इलेक्ट्रिक वाहन और ऑटोमोबाइल , आईटी और सेवाएं , रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा, तकनीकी नवाचार शामिल हैं।

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था निवेशकों को आकर्षित करती रहेगी क्योंकि लोगों के जीवन, शासन और उद्यम संचालन में बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान मांगे जा रहे हैं। ऑनलाइन उत्पादों और सेवाओं की मांग में तेजी से वृद्धि भारत के गैर-महानगरीय (टियर-2 और टियर-3) शहरों की बढ़ती खर्च करने की शक्ति का भी प्रतिबिंब है । 2014 में कुल सकल घरेलू उत्पाद में डिजिटल अर्थव्यवस्था का हिस्सा 4-4.5 प्रतिशत था और वर्तमान में यह 11 प्रतिशत है। सरकार का अनुमान है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था 2026 तक भारतीय सकल घरेलू उत्पाद का 20 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी।भारतीय आईटी उद्योग लगातार आगे बढ़ रहा है, क्योंकि इसकी विशेषज्ञता सभी क्षेत्रों पर लागू होती है, और 2030 तक 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर का राजस्व उत्पन्न होने का अनुमान है; यह वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत का योगदान देता है। 2024 में निवेश-आधारित विकास के लिए तैयार उभरते उद्योग हैं बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान , हरित हाइड्रोजन , जैव प्रौद्योगिकी, एवीजीसी (एनीमेशन, दृश्य प्रभाव, गेमिंग, कॉमिक्स), और सेमीकंडक्टर चिप निर्माण, असेंबली और डिजाइन। भारतीय बाजार पर नजर रखने वाली विदेशी कंपनियां फायदे में हैं क्योंकि राज्य सरकारें लचीली हैं और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को आकर्षित करने और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने के लिए प्रतिस्पर्धी छूट की पेशकश करती हैं। नौकरियों की बदलती प्रकृति और इसके बड़े युवा जनसांख्यिकीय समूह को देखते हुए, शिक्षा सुधार और कौशल नीति निर्माताओं के लिए बड़े फोकस क्षेत्र हैं।, भारतीय शिक्षा बाजार में करीब 1.5 मिलियन स्कूल और लगभग 265 मिलियन छात्र हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत का शिक्षा क्षेत्र वित्त वर्ष 2029-30 तक 313 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।इस तरह सन 2024 भारत में नई सामाजिक राजनैतिक आर्थिक क्रांति की नई सुबह लेकर आ रहा है। नई आशा विश्वास के साथ मंगलकामना।

## निशाना

### देखो नया साल !



– कृष्णेन्द्र राय

आया नया साल है ।
लें इसका आनंद ।।
खूब बिखेरें खुशियां ।
ना हो अन्तर्द्वंद ।।
सोचा जो भी करने को ।
देना मूर्तरूप ।।
बने सारे काम ।
आप के अनुरूप ।।
ठान कर हैं बैठे ।
करना है कमाल ।।
कर गया प्रवेश ।
देखो नया साल ।।
मनोकामना पूर्ण हो ।
है ऐसी अभिलाषा ।।
बढ़ जाए उत्साह ।
फटके ना निराशा ।।

## आज का इतिहास

- 2013 में आज ही के दिन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर मावेन यान को भेजा था।
- 2001 में 1 जनवरी के दिन ही कलकत्ता का नाम आधिकारिक तौर पर कोलकाता हुआ था।
- 1996 में आज ही के दिन सिंगापुर एशिया का जापान के बाद दूसरा विकसित देश बना था।
- 1995 में 1 जनवरी को ही विश्व व्यापार संगठन अस्तित्व में आया था।
- 1992 में आज ही के दिन भारत और पाकिस्तान ने पहली बार अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूचियों की अदला-बदली की थी।
- 1973 में 1 जनवरी को ही जनरल मानिक शॉ को फील्ड मार्शल बनाया गया था।
- 1972 में आज ही के दिन बाघ को राष्ट्रीय पशु चुना गया था।
- 1971 में 1 जनवरी को ही टेलीविजन पर सिगरेट विज्ञापनों का प्रसारण प्रतिबंधित किया गया था।
- 1955 में आज ही के दिन भूटान ने पहला डाक टिकट जारी किया था।
- 1951 में 1 जनवरी को ही ब्रिटिश सेना ने मिस्र के इस्मालिया क्षेत्र पर कब्जा किया था।
- 1949 में आज ही के दिन कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा हुई थी।
- 1948 में 1 जनवरी के दिन ही इटली का संविधान अस्तित्व में आया था।
- 1918 में आज ही के दिन उत्तर-पूर्वी यूरोपीय देश लताविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की थी।
- 1915 में 1 जनवरी को ही महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिए वायसरॉय ने केसर-ए-हिंद से सम्मानित किया था।
- 1912 में आज ही के दिन रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना हुई थी।

# आत्मनिर्भरता के कदमों से सैन्य तैयारी में मजबूती

डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव

समाप्त हो रहा वर्ष 2023 रक्षा क्षेत्र के लिए विकास एवं उपलब्धियों वाला कहा जाएगा क्योंकि इस वर्ष देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक कार्य हुए और भारत रक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम रहा। इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया।चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड से सटी अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है। इसके अलावा पाकिस्तान सीमा पर बढ़ती आतंकी घुसपैठ व गोलीबारी के कारण चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। चीन व पाक की इन हरकतों से निपटने के लिए जवानों को आक्रामक तौर पर मजबूत किया गया। सैन्य ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से सेना के तोपखाने तथा वायु सेना के लड़ाकू विमानों की तैनाती बढ़ाई गई। इसके अलावा गहन युद्ध के लिए हथियार और गोला बारूद रखने की छूट दी गई।

वर्ष 2023 के दौरान रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर काफी आगे बढ़ा। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए विदेश से रक्षा आयात को कम करने का फैसला लेकर रक्षा उपकरणों को स्वदेशी कंपनियों से खरीदने के ऑर्डर दिए गए। डीएसी की बैठक में 97 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान, 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, तीसरे नये स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण, सुखोई-30 एमकेआई श्रेणी के 87 विमानों का आधुनिकीकरण, 5.56 गन 45 कार्बाइन, 200 माउंटेन गन सिस्टम, 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम तथा मध्यम दूरी की जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलों के खरीदे जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इससे भारतीय सेनाओं की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। डीएसी की मंजूरी वाली 2.23 लाख करोड़ रुपये की यह खरीद घरेलू रक्षा उद्योगों से की जाएगी। वर्ष 2023 में रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया। इसके अलावा रक्षा निर्यात नई ऊंचाइयों को पार करते हुए 16000 करोड़ तक पहुंच गया। डीएसी ने तीसरे विमानवाहक पोत के निर्माण को मंजूरी दे दी है। नौसेना के पास अभी दो विमानवाहक पोत हैं। इनमें से विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था और विक्रान्त स्वदेश निर्मित है। नया विमानवाहक पोत स्वदेशी विक्रान्त की तरह ही होगा। यह पोत 40000 करोड़ की लागत से बनेगा। 45000 टन वजन वाला यह पोत कोचीन शिपयार्ड में बनाया जाएगा। इसकी लम्बाई 262 मीटर, चौड़ाई 62 मीटर और उंचाई 59 मीटर व गति 52 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इस पर करीब 28 लड़ाकू विमानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर, मिसाइल और बमों जैसे खतरनाक हथियार तैनात रहेंगे। इससे हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत काफी बढ़ जाएगी। इसी तरह स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत 'सूरत' के शिखर का अनावरण 6 नवम्बर को किया गया। यह पोत शत्रु की पनडुब्बियों, युद्धपोतों, एंटी सबमरीन मिसाइलों और युद्धक विमानों का मुकाबला करने की क्षमता रखता है।



नौसेना को स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस इंफाल 26 दिसम्बर को मिल गया। यह समुद्र में शत्रु की चालबाजियों पर नजर रखेगा। यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। इसमें पोतरोधी मिसाइलें व तारपीडो भी लगे हैं। यह अत्याधुनिक हथियारों एवं सेंसरों से लैस उन्नत, शक्तिशाली तथा बहुआयामी युद्धपोत है। इस जहाज में ब्रह्मोस एसएसएम के अलावा एम.आर.सेम, तारपीडो ट्यूब लॉन्चर्स, एंटी सबमरीन रॉकेट लॉन्चर्स आदि की तैनाती शत्रु सेना के लिए काल बन जाएंगे।

गत 22 नवम्बर को भारतीय नौसेना को तीसरी बार्ज नौका 'मिसाइल सह गोला बारूद बार्ज, एलएसएएम 9 (यार्ड 77) प्राप्त हो गई है। बार्ज नौका को मुम्बई के नौसेना डॉकयार्ड के आईएनएस तुणीर में शामिल किया गया। बार्ज नौका पर 8 मिसाइलों के साथ-साथ गोला बारूद भी लेकर जाया जा सकता है। इससे नौसेना के जरूरी सामान इधर से उधर ले जाने में जो मदद मिलेगी उससे नौसेना की परिचालन गतिविधियों को तेजी प्राप्त होगी। अब समुद्र तट के आसपास एवं बाहरी बंदरगाहों पर भारतीय जहाजों के लिए गोला बारूद की आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी।वायुसेना के लिए परिवहन विमान सी-295 का उत्पादन गुजरात के बड़ोदरा स्थित प्लांट में चालू होगा। अमेरिकी कंपनी जीई एरोस्पेस और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बीच जेट इंजन बनाए जाने को लेकर समझौता हुआ जिससे लड़ाकू विमान इंजन अब भारत में बनेंगे। भारतीय वायु सेना को 87 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने की अनुमति मिल गई है।

लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बनाई सड़कों ने स्थिति बेहतर बना दी है। राफेल विमानों की तैनाती लद्दाख सीमा पर की गई जिससे चीन की किसी भी हरकत से निपटा जा सके। हल्के तेजस विमान भी मिग-21 विमानों की जगह ले रहे हैं। सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 मल्टी रोल एयरक्राफ्ट और जगुआर जैसे विमान हर मौसम में लड़ाई को तैयार हैं। चीन से लगती सीमा के पास प्रमुख हवाई अड्डों पर हाईटेक मल्टीरोल हेलीकॉप्टर अपाचे एवं चिनूक हर मोर्चे पर खतरे निपटने को तैनात किए। इस तरह चीन व पाकिस्तान से किसी भी स्थिति में निपटने को वायु सेना तैयार है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## वॉलीबॉल के नेशनल खिलाड़ी खालिक के सेवा निवृत होने पर किया सम्मान



**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी अब्दुल खालिक खान की सेवा निवृती पर तवा बांध का छाया चित्र देकर सम्मान किया। वॉलीबॉल के राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबाल खिलाड़ी रहे सुखतवा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत अब्दुल खालिक खान विगत दिवस सेवा निवृत हुए.इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष वालीबाल संघ के जिला उपाध्यक्ष व खो खो संघ के जिला अध्यक्ष बशारत खान ने उन्हें तवा बांध का छायाचित्र प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर अल्ताफ खान यूनुस खान जहीर खान साजिद खान राजा राय हफीज खान इकबाल खान पप्पू नायक अब्दुल खालिद खान सहित खेल जगत से जुड़े हुए एवं सभी रिश्तेदार और मित्रों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आरटीओ द्वारा बसों की जांच निरंतर जारी, 12 चालानों से 20500 वसूले, 1 बस जप्त



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

रविवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार आरटीओ निशा चौहान के नेतृत्व में परिवहन विभाग जांच दल द्वारा नर्मदापुरम के विभिन्न मार्गो तथा पिपरिया तहसील में बसों की सघन जांच की गई, जांच में बसों के कागजात की पूर्ति के अलावा प्रेशर हॉर्न, केबिन अथवा आपातकालीन खिड़की पर सीट, मेडिकल बॉक्स, अग्निशमन, ड्राइवर की ड्रेस, वाहनों की स्थिति की जांच की गई जिसमे शिव शक्ति ट्रेवल्स की बस क्रमांक [illegible]05[illegible]0209 की स्थिति संचालित होने न पाए जाने पर बस को जप्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवाया गया, इसी प्रकार लगभग 85 बसों की जांच करने पर 12 बसों में ओवरलोडिंग, चालक का वर्दी में न होना, प्रेशर हॉर्न पाए जाने पर कुल चालान 20500 वसूला गया। आरटीओ निशा चौहान ने बताया कि परिवहन जांच दल द्वारा नर्मदापुरम जिले में लगातार बसों की जांच ग्रामीण तथा शहरी मार्गो पर किया जाएगा, जब तक सभी बसों में आरटीओ द्वारा तय मानकों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक जांच दल द्वारा बसों पर चालानी तथा जप्ती की कार्यवाही जारी रहेगी, जांच दल में आरटीओ निशा चौहान के साथ समस्त जांच दल शामिल रहा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत हितग्राहियों को दी गई योजनाओं की जानकारी

# ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा सुचारू रूप से जारी है। संकल्प यात्रा के तहत हर पात्र व्यक्ति को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा हैं। साथ ही योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने के साथ ड्रोन तकनीक के माध्यम से जवाहर छिड़काव का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना , इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली।

विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठरा और नाहरकोलाखुर्द , जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत खिडिया और सिलारी , जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत सोमलवाडाखुर्द और गजपुर, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बरछाई और अन्हाई, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोडरवाडा में संकल्प यात्रा पहुंची यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

1 जनवरी को सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत भेरूपुर और चौकी गंवा, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत राईखेड़ी और लांझी, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनतलाई और बेलवाड़ा, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाड़ा और महालनवाडा, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम नसीराबाद और गोदलवाडा में संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्राः ग्राम कोठरा में हुआ आगमन विधायक ने सुनी लोगों की समस्या

**सिवनी मालवा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोठरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन हुआ जिसमें क्षेत्रीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी और शिविर का अवलोकन किया वही विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी से संवाद भी किया।उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों एवम मोदी सरकार की गारंटी पर विस्तार से चर्चा की इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवम पार्टी के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# सोनिया मीणा नर्मदापुरम जिले की कलेक्टर होगी

**सिवनी मालवा।**नर्मदापुरम जिला कलेक्टर नीरज कुमार सिंह का स्थानांतरण मुख्यमंत्री मोहन यादव के गृह क्षेत्र उज्जैन में किया गया है वही उनकी जगह 2013 बैच की आईएएस अफसर सुश्री सोनिया मीणा अब नर्मदा पुरम कलेक्टर होगी। सन 2017 में छतरपुर के राजनगर एसडीएम रहते हुए उन्होंने खनिज माफिया पर शक्त कार्यवाही से आज भी लोग उनके नाम से घबराते हैं। बातचीत में विनम्र,सुशील गरीबों की मददगार, सहित सरकारी योजनाओं का निरंतर निरीक्षण कर शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने वाली महिला कलेक्टर जिले को मिली है। मुख्यमंत्री श्री यादव नर्मदा पुरम कलेक्टर को अपने जिले उज्जैन ले गए हैं। नर्मदा पुरम जिले की जनता श्री सिंह की कार्यशैली कार्य के प्रति अपनी तत्परता,गरीबों के प्रति सहानुभूति को सदैव याद रखी जाएगी।



## धूमधाम से मनाया प्रभु श्री रामदेव महाराज का जन्मोत्सव



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

ग्राम अमलाडा कला में चल रही श्री बाबा रामदेव जी कथा अमृत में चतुर्थ दिवस की कथा मे पं. राकेश दीक्षित ने कथा श्रवण कराते हुए कहा की कौन कहता कि भगवान आते नहीं भावना से उन्हें हम बुलाते नहीं राजा अजमाल जी महाराज ने इसी कलयुग मे द्वारकाधीश के साक्षात स्वरूप प्रभु श्री रामदेव जी के रूप मे भगवान को पुत्र रूप में पाया और मरूधर की भूमि को धन्य कर दिया पं.दीक्षित ने अनेक कथा श्रवण कराते बडे धूमधाम से भगवान का जन्मोत्सव सभी भक्तों ने भरपूर नाचते गाते हुए प्रभु के जन्म महा महोत्सव का आनंद लिया और जय बाबा री । बाबा भली करे के जय घोष से पूरा पांडाल गूंज उठा ।


## समग्र आईडी के लिए आधार ई-केवायसी अनिवार्य

रायसेन। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना में संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

**मेट्रो एंकर**

## पचमढ़ी नवरंग अन्तर्गत पर्यटकों के लिए यादगार बना साल का अंतिम दिन


# गोल्फ, ट्रैकिंग, पचमढ़ी ऑन साइकल सहित अन्य गतिविधियों में पर्यटकों ने जमकर लिया हिस्सा



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**


सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में पचमढ़ी नवरंग कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज साल के अंतिम दिन को पर्यटकों के लिए यादगार बनाने के लिए सुबह से ही पर्यटन गतिविधियों के आयोजन का क्रम शुरू हुआ। पर्यटकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पंचमढ़ी के धूपगढ़ पर योग कराया गया , सूर्य नमस्कार पार्क में पर्यटकों ने जमकर जुंबा किया, हाट बाजार से पचमढ़ी सायकिल रन का शुभारंभ हुआ, जिसमे पर्यटकों के साथ स्कूली बच्चों ने भी भाग लिया। 10 किलोमीटर के रन में पर्यटकों ने साइकल से पचमढी की वादियों के मनोरम नजारों का लुफ्त उठाया। इसके साथ ही नेचर वाक , बर्ड वाचिंग, हेरिटेज वाक में आज पर्यटकों को राजभवन की जानकारी दी गई। ट्रेकिंग गतिविधि अंतर्गत संगम जलप्रपात तक घुमाया गया, बटरफ्लाई इवेंट में भी सैलानियों ने जमकर हिस्सा लिया ओर तितलियों के बारे जानकारी भी ली। साथ ही फूड फेस्टिवल में स्थानीय व्यंजनों का भी पर्यटकों ने उठाया लुफ्त।

पचमढ़ी नवरंग के आयोजन में जिला पंचायत सीईओ एस एस रावत द्वारा आ नई गतिविधि क्रिकेट के आयोजन को कराया गया जिसमे जिला प्रशासन बनाम पर्यटक मित्रो का मैच हुआ, सभी पर्यटकों ने मैच का जमकर आनंद लिया। पचमढ़ी नवरंग में आकर्षण का केंद्र गोल्फ का टूर्नामेंट भी किया गया जिसमें आर्मी की टीम ने अपनी सहभागिता निभाई ।। पचमढी नवरंग कार्यक्रम के आयोजन में जिला प्रशासन जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आर्केस्ट्रा का आयोजन किया इसमे पर्यटकों गानो की धुनों पर जमकर थिरके ।









# ग्राम कोरवासा में शीत शिविर एवं प्रकट कार्यक्रम संपन्न

**सिरोंज ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड देवपुर के ग्राम कोरवासा में शीत शिविर एवं प्रकट कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । जिसमें जिला सहकार्यवाह पहलवान सिंह बघेल ने बौद्धिक में कहा 1925 में परम पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी ने धर्म की रक्षा के लिए,देश के कल्याण के लिए , हिन्दू समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए संघ की स्थापना एलकी। हम विश्व का कल्याण करने, विश्व को श्रेष्ठ बनाने के लिये काम कर रहे हैं हम वासुदेव कुटुम्वकम की भावना रख कर कार्य करना ही हिन्दू धर्म का उद्देश्य है।उन्होंने स्वयंसेवकों का आव्हान किया कि संघ को 100 वर्ष होने बाले हैं प्रत्येक गांव में, मण्डल में संघ की शाखा शुरू करें। समाज को संगठित करने का संघ से जोड़ने का संकल्प लें। ग्राम कोरवासा में देवपुर खंड के सभी स्वमसेवक एकत्रित हुए एवं प्रकट उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें स्वयंसेवको ने प्राथमिक वर्ग की समता, खेल ,दंड योग, सूर्य नमस्कार , व्यायाम योग, नियुद्ध,जैसे कार्यक्रम संपन्न किया जिसमें देवपुर के संघचालक रमेश शर्मा , जिले के कुछ अधिकारी एवं खंड के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।और कोरवासा ग्राम के दर्शक भी अच्छी संख्या में उपस्थित हुए।

# कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात




**सिरोंज।** नगर मंडल के मतदान केंद्रों पर कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाली मन की बात को सुना। बूथ क्रमांक 208 पर विधायक उमाकांत शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं और भाजपा नेताओं के साथ मन की बात को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओ से अयोध्या में बनकर तैयार प्रभु श्री राममंदिर की परम प्रतिष्ठा समारोह से एक एक सनातन परिवार को जोड़ने और आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से आए पीले चावलों को घर घर पहुँचकर वितरण करना का आव्हान किया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ,बूथ अध्यक्ष पप्पू त्यागी,शेर सिंह भदौरिया,मुकेश कुशवाह, सीताराम कुशवाह, संजीव शर्मा, राजू रघुवंशी, आदि के साथ बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### थाने के सामने जप्त खड़े, बड़े वाहनों को सड़क से हटाया

# बरसों से रखे वाहन हो रहे कबाड़



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्रशासन के द्वारा सभी मार्गो को चौड़ा करने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है, इसके बाद सड़कों का चौड़ीकरण भी हो रहा है । इसी के चलते थाने के सामने पुलिस के द्वारा विभिन्न दुर्घटनाओं में जप्त किए गए वाहन भी खड़े हुए है इनको हेडरे की सहायता से यहां से हटाने का काम किया । इनकी वजह से सड़क चौड़ीकरण में समस्या हो रही थी साथ ही सड़क किनारे वाहन खड़े होने के कारण दुर्घटनाओं का डर भी बना रहता था इसके बाद इन बड़े वाहनों को सड़क के किनारे से हटवा कर व्यवस्थित रूप से रखवाने का काम थाना प्रभारी संदीप पवार के द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि थाने के अंदर भी जो जप्त वाहन खड़े है उनको भी व्यवस्थित रूप से रखवाने का काम किया गया है। इन दिनों निर्माण कार्य सड़क पर होना इसलिए इन वाहनों को भी व्यवस्थित रूप से रखवाने का काम किया है। जिससे कि निर्माणकारी हो जाए तथा यातायात में भी अब परेशानी नहीं होगी ।

### इनका कहना है -

*न्यायालयों में प्रकरण चलते हैं इस वजह से इनको हम संभलकर रखना पड़ता हैं वाहनों की नीलामी हम नहीं कर सकते ।*

***संदीप पवार,*** *थाना प्रभारी सिरोंज*

### बरसों से वाहनों के नहीं मिल रहा है मालिक

विभिन्न घटना दुर्घटनाओं में तथा वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को जो वहां मिलते हैं उनको पुलिस जप्त करके थाने में खड़े कर लेती है। फिर मामला चलता है इनमें से कुछ की तो मालिक बाद दस्तावेज पूर्ण होने पर कोर्ट से इनको छोड़ दिया जाता है। कई वाहन चालक ऐसे होते हैं जिनके पास वाहनों के दस्तावेज ही नहीं होते हैं इस वजह से यह वाहन थाने से नहीं छूट पाए हैं। कई बंद तो ऐसे हैं 30 से 40 सालो थाने में रखे रखे कबाड़ा में तब्दील हो गए हैं पुलिस को भी इनको रखने में परेशानी हो रही है फिर भी इनको नीलम करवाने की प्रक्रिया उच्च लेवल से नहीं हो रही है इस वजह से पुलिस की भी परेशानी पड़ी हुई है आए दिन घटना दुर्घटनाओं में अन्य मामलों में वाहनों की जप्ती हो रही है इस वजह से उनको रखने के लिए जगह नहीं मिल रही है। इस कारण से ही कई बार वाहनों को सड़क किनारे रख दिए थे ।अव उनको भी पुलिस को हटवाना पड़ा दूसरी ओर जिन प्रकरणों में कोर्ट से फैसला हो चुका है और उनके वाहन मालिक उन्हें लेने नहीं आ रहे हैं ऐसे वाहनों की नीलामी पुलिस प्रशासन कराकर इनका विक्रय करती है तो इससे शासन को राजस्व की प्राप्ति भी होगी और कबड्डो से भी थाने को मुक्ति मिल जाएगी पर ऐसा करने की अनुमति ऊपर से नहीं इस वजह से पुलिस कुछ करने को तैयार नहीं है बस जप्ती में रखे वाहनों की देखभाल जरूर पुलिस कर रही है। बैसे जिनके वाहन मालिक नहीं मिला या इनको लेने कोई नहीं आर रहा है ऐसे वाहनों की नीलामी पुलिस कर सकती है इस तरह की प्रक्रिया अपनाई जाए तो थाने को कंडम वाहनों से मुक्ति मिल जाएगी ।

## यातायात पुलिस ने दूसरे दिन भी की वाहनों की जांच, 7 के चालान

**सिरोंज।** गुना में हुई घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। यातायात थाना प्रभारी रितेश बघेल के द्वारा रविवार को भी वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लटेरी नाके पर बसे ट्रक डफरो, कर, जीप, मोटरसाइकिल की जांच पड़ताल करते हुए बस ,ट्रक संचालकों को गृह मंत्रालय के द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार सभी सुरक्षा के इंतजाम करने की हिदायत दी गई , कमियां मिलने पर चालान भी काटे इसी तरह चार पहिया वाहनों के साथ दो पहिया वाहनों की जांच की इसमें बीमा, फिटनेस , गाड़ियों के दस्तावेज आदि नहीं मिलने पर चालान बनाए गए साथ ही तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए इनके तेज आवाज के साइलेंसर निकलवाने का काम किया गया। वहीं गुना में बड़ी घटना के बाद से ही पुलिस ज्यादा सख्ती के साथ जांच पड़ताल कर रही है ,इस वजह से वाहन चालकों में हड़कंप सा मचा हुआ है पुलिस की जांच की भनक लगते ही अधिकांश वाहन चालक दूसरे रास्ते से जाते हुए नजर आए कई वाहन चालकों ने काफी दूर अपने वाहन खड़े कर लिए चेकिंग खत्म होने के बाद बड़े वाहनों को शहर में लेकर आए यातायात थाना प्रभारी रितेश बघेल ने बताया कि निरंतर वाहन चेकिंग अभियान चल रहा है 7 वाहनों पर चलानी कार्रवाई करते हुए 4000 सम्मान शुल्क भी लिया।



### बैठक में नए दायित्वों की हुई घोषणा

# स्वावलंबी भारत अभियान में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: तरुण यादव

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

स्वालंबन भारत देश मैं इस समय की बड़ी मांग है। भारत देश कई वर्षो पहले भी स्वावलंबन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था तथा पूरे विश्व में उत्पादन का एक बड़ा भाग भारत से होकर जाता था, लेकिन कुछ काल खंडों में हमने वह परंपराएं भुला दी हैं। हम भगवान हनुमान की तरह हो गए हैं, जिनको भूलने का श्राप लगा था। केवल आवश्यकता है तो आज देश के युवाओं को जागने की आवश्यकता है। पूरे विश्व में कई देश ऐसे हैं जो अपने यहां पूरे विश्व का उत्पादन का बहुत बड़ा हिस्सा अपने देश से देते हैं यदि भारत का युवा एकजुट होकर धैर्य और साहस के साथ अपने-अपने क्षेत्रों के अनुसार स्वरोजगार व उत्पादन में लग जाए तो फिर पुनः हम पूरे विश्व को उत्पादन का बहुत बड़ा भाग हम भारत से दे सकते हैं। और मुझे विश्वास है कि देश का युवा अब इस कड़ी में आगे बढ़ने लगा है। उक्त बातें चार विभाग प्रमुख पूर्ण कालिक तरुण यादव ने स्वावलंबी भारत अभियान की बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर कार्यालय पर व्यक्त की। वहीं पथरिया खंड के संघचालक वीरेंद्र रघुवंशी ने भी स्वालंबन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान को गति देने के लिए अन्य प्रकल्पों में काम कर रहे कार्यकर्ताओं की भी जिम्मेदारी है कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर इस अभियान को मूल रूप देने में लग जाए। वही उन्होंने कहा कि आज का युवा शिक्षित होने के बाद भी बेरोजगार है जबकि पूर्व में देखेंगे तो पता चलेगा की अशिक्षित होने के बाद भी कई लोगों ने आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने स्वयं के व्यवसाय प्रारंभ किए और आज वह महत्वपूर्ण स्थान पर पहुंच गए उनके व्यवसाय बड़े स्तर पर चल रहे हैं, जो स्वयं कई लोगों को रोजगार दे रहे हैं। इसलिए आज का युवा नौकरी पाने से ज्यादा नौकरी देने में विश्वास रखें तब जाकर भारत पुणे आत्मनिर्भर बनेगा और सभी युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। वही कार्यक्रम में स्वावलंबी भारत अभियान के जिला पूर्ण कालिक अंकित पाठक ने भी सभी से आह्वान किया कि अपने घरों में महिलाओं को भी इस अभियान में आगे आकर समाज में इसकी आवश्यकता पर जोर देना चाहिए। वही उन्होंने कहा कि इस अभियान के द्वारा स्वावलंबन के माध्यम से युवाओं को नौकरी खोजने, तकनीकी अपग्रेड, व्यवसायिक आइडियाज, डीपीआर और लोन दिलाने तक की सेवाएं प्रदान की जा रही है। यह अभियान देश के विकास में युवाओं के सकारात्मक योगदान को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें स्वतंत्रता और स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित कर रहा है।



स्वावलंबी भारत अभियान में चरण सिंह को समन्वय प्रमोद रघुवंशी को बनाया सहसमन्वय - वहीं स्वावलंबी भारत अभियान कार्यक्रम के अंत में पथरिया खंड के संघचालक वीरेंद्र रघुवंशी ने स्वावलंबी भारत अभियान को गति देने के लिए पूर्व खंड कार्यवाह चरण सिंह रघुवंशी को समन्वयक एवं पूर्व मंडल कार्यवाह प्रमोद रघुवंशी को सह समन्वय बनाया। इस दौरान बैठक में ओमप्रकाश रघुवंशी, संतोष द्विवेदी, अनिल राठौर, जय नारायण आर्य, नरेश रघुवंशी, चंद्रभान बघेल, रामकृष्ण नायक, जितेंद्र प्रजापति, धर्मेंद्र राजपूत, अशोक रघुवंशी, अशोक शर्मा, राजवीर चौहान, भारती यादव, भावना भारती, यमुना यादव, अंकिता शर्मा, भारती यादव सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय किसान संघ का सदस्य अभियान जोरों पर, 10 हजार सदस्य बने का लक्ष्य

**सिरोंज।** भारतीय किसान संघ के द्वारा 15 दिसंबर से लेकर 15 जनवरी तक सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया है ।इस अभियान में विकासखंड में 10000 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य भी संगठन के द्वारा रखा गया है। इसको पूरा करने के लिए संगठन के सदस्य किसानों के पास पहुंचकर भारतीय किसान संघ का सदस्य बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को भी ब्लॉक अध्यक्ष के अम्रत सिंह रघुवंशी ने अभियान के के बारे में बताया कि भारतीय किसान संघ हमेशा किसानों के मामलों को सरकार के सामने रखकर उनको पूरा भी करवाता है किसानों के हित में काम करने वाला बसे बड़ा संगठन है। इस दौरान सुनील वघेल, हिम्मत सिंह,माखन सिंह आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से संबंधित शिकायत डीजीआरओ को शिकायत दर्ज कराएं

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**



राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत बाह्य शिकायत निवारण तंत्र जिला शिकायत निवारण अधिकारी DGRO को शिकायत दर्ज कराने के प्रावधान है। प्रावधान अनुसार आम नागरिक सीएम हेल्पलाइन 181 पर कॉल करके अथवा ऑनलाईन भी डीजीआरओ को शिकायत दर्ज करा सकते है। आम नागरिकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 पर डीजीआरओ से संबंधित 4 श्रेणी की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है।

आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि डीजीआरओ को प्रस्तुत पात्रता पर्ची न मिलने से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत उचित मूल्य की दुकान से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी,डीजीआरओ को प्रस्तुत शालाओं में मध्यान भोजन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत आगनवाड़ी में खाद्यान न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी को शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

**मेट्रो एंकर** | विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी देने के साथ वितरित किए जा रहे योजनाओं के हितलाभ

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**




प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिले में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। इस दौरान संबंधी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं। रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सरचंपा और बांसखेडा में, उदयपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रमखिरिया तथा किरगीकला में, सिलवानी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बेगवाकला तथा चिचोली में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोल, भारकच्छखुर्द, बगलवाड तथा सतरावन में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पडोनिया तथा पोलाहा में, गैरतगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पटी और कहडिया में तथा बेगमगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत महगवा टप्पा तथा महुआखेडा कलां पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा के इन ग्रर्राम पंचायतों में पहुंचने पर आयोजित किए गए। शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए।

शिविरों में विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गये। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आधार कार्ड अपग्रेड के लिए कैम्प आयोजित किए जा रहे है। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक, मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए जा रहे है, जन धन जीवन ज्योति योजना के नए आवेदन, कृषि विभाग द्वारा केसीसी उन्नत कृषि यंत्र, पीएचई विभाग नल जल योजना, राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरकों के छिड़काव का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।



### भारत का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के साथ होगा

# फरवरी-मार्च में टेस्ट तो अप्रैल-जून में टी20 खेली टीम इंडिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नया साल भारतीय क्रिकेट टीम के फैंस के लिए नई उम्मीदों के साथ आयेगा। इस साल भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और तीनों फॉर्मेट टी20, वनडे और टेस्ट में नंबर 1 पर रही। भारत ने वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एकतरफा प्रदर्शन किया लेकिन ट्रॉफी नहीं जीत पाई। ऐसा ही वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी हुआ, लेकिन 2024 में फैंस टीम से टी20 वर्ल्ड कप जीतने की आस लगाए बैठे हैं। उससे पहले टीम पहले 3 महीने में कौन सी किस-किस टीम के खिलाफ सीरीज खेलेगी।

इस साल भारतीय टीम इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले तक का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके बाद टीम 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी।



### इंग्लैंड और श्रीलंका का अहम मुकाबला

2024 में भारत का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के साथ होगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। यहां टी20 और वनडे सीरीज के बाद टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस दौरे का आखिरी मैच भारत 2024 में तीन जनवरी से खेलेगा। यह मुकाबला सात जनवरी को खत्म होगा। इसके बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज की शुरुआत 11 जनवरी से होगी। यह दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। यह मैच भारतीय समयनुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे। इसके बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। जो वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के माध्यम से बेहद अहम होगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा। इसके बाद आईपीएल की शुरुआत होगी।

### भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज

पहला टी20 - 11 जनवरी मोहाली में खेला जाएगा
दूसरा टी20 - 14 जनवरी को ग्वालियर में खेला जाएगा
तीसरा टी20- 17 जनवरी को बैंगलोर में खेला जाएगा

### इंग्लैंड का भारत दौरा

पहला टेस्ट- 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा
दूसरा टेस्ट- 2 फरवरी से वाइजैग में खेला जाएगा
तीसरा टेस्ट- 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा
चौथा टेस्ट- 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा
पांचवां टेस्ट- 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा

### जुलाई से द्विपक्षीय सीरीज होगी

भारतीय टीम के एफटीपी चक्र के अनुसार 2024 में टीम इंडिया इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलेगी। इनमें से इंग्लैंड के साथ सीरीज जनवरी से मार्च के बीच खेली जाएगी। वहीं, अन्य देशों के साथ सीरीज जुलाई से दिसंबर के बीच होने की संभावना है। बीसीसीआई ने आगे का शेड्यूल नहीं जारी किया है, लेकिन एफटीपी चक्र से साफ है कि साल के आखिरी छह महीनों में भारत को श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलनी हैं।

### योद्धा टीम के सहायक कोच उपेंद्र मलिक बोले

# हमारे डिफेंडर कुछ ज्यादा ही आक्रामक



**नईदिल्ली, एजेंसी**

हमारी रक्षा इकाई अच्छा खेल रही है, लेकिन मुझे लगता है कि सभी रक्षक कभी-कभी बहुत आक्रामक तरीके से खेल रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि केवल कुछ रक्षक ही हमारे रेडरों के अनुसार आक्रामक खेल खेलें। यह बात योद्धा टीम के कप्तान प्रदीप नरवाल और सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कही है। उन्होंने प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 के अपने पहले घरेलू मैच में बेंगलुरु बुल्स पर टीम की जीत में उनकी भूमिका के लिए अपनी टीम के रक्षकों की सराहना की है। नोएडा में अपने पहले घरेलू मैच में बेंगलुरु बुल्स को 34-33 से हराकर योद्धा फॉर्म में लौट आए। खेल के आखिरी कुछ मिनटों में बुल्स ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन योद्धाओं ने धैर्य बनाए रखा और अंत में रोमांचक जीत हासिल की। टीम के प्रदर्शन के बारे में बोलते हुए मलिक ने कहा, हमारी रक्षा इकाई अच्छा खेल रही है, लेकिन मुझे लगता है कि सभी रक्षक कभी-कभी बहुत आक्रामक तरीके से खेल रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि केवल कुछ रक्षक ही हमारे रेडरों के अनुसार आक्रामक खेल खेलें।

कप्तान प्रदीप नरवाल, जो अपना पहला रेड पॉइंट हासिल करने से पहले चार बार कैच आउट हुए, ने रात को एक और सुपर 10 दर्ज किया। अपने खेल के बारे में पूछे जाने पर नरवाल ने कहा, ÷मैं शुरुआत में सिर्फ एक या दो रेड अंक हासिल करना चाहता था और प्रतिद्वंद्वी को बैकफुट पर लाना चाहता था। हमारे रक्षकों ने वास्तव में अच्छा खेला और मुझे खेल में वापस लाते रहे। कप्तान ने आगे कहा, खेल के शुरुआती मिनटों में गिल रेड पॉइंट बटोर रहे थे, इसलिए हमने उन्हें और रेड के लिए भेजा। बाद में, मैंने अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया इसलिए मैं और रेड के लिए गया।



## मेट्रो बाजार

# टच-स्क्रीन और एआई फीचर्स से लैस स्मार्ट फ्रिज लाएगी सैमसंग

**मुंबई, एजेंसी**

साउथ कोरियन टेक कंपनी सैमसंग एक स्मार्ट फ्रिज पर काम कर रही है। कंपनी अपने कस्टमर्स को बेहतर अनुभव देने के लिए अपकमिंग इस बेस्पोक 4-डोर फ्लेक्स रेफ्रिजरेटर में कई खास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फीचर्स जोड़ रही है। इसमें एक इंटरनल कैमरा भी दिया जाएगा। कैमरे और एआई की मदद से फ्रिज अलग-अलग फूड आइटम को आसानी से पहचान पाएगा और उसके खराब होने से पहले कनेक्ट ऐप के जरिए मोबाइल पर नोटिफिकेशन भेजेगा। हालांकि, फ्रिज में अभी भी कुछ लिमिटेशंस हैं। सैमसंग का कहना है कि उसका विजन एआई फीचर केवल 33 खाद्य पदार्थों की पहचान कर सकता है, जिसे आगे चलकर बढ़ाया जाएगा। ये फ्रिज सैमसंग एआई फैमिली हब+ के साथ आएगा, जिसे सैमसंग फूड ऐप के जरिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी इस बेस्पोक 4-डोर फ्लेक्स रेफ्रिजरेटर को जनवरी में होने वाले कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो में लॉन्च करेगी। फिलहाल इसकी कीमत और अवेलेबलिटी को लेकर ऑफिशियली कोई जानकारी नहीं दी गई है।



**रेफ्रिजरेटर में मिलेगी 32 इंच की डिस्प्ले:** इस रेफ्रिजरेटर में 32 इंच की एक टच डिस्प्ले दी गई है, जिस पर यूजर्स अपने गैलेक्सी स्मार्टफोन के स्क्रीन को रेफ्रिजरेटर के डिस्प्ले पर मिरर कर पाएंगे और टिक-टॉक और यूट्यूब वीडियो भी देख सकेंगे। यूजर्स फ्रिज के टच-स्क्रीन के जरिए उसमें रखे गए खाने के सामान की एक्सपायरी डेट मैन्युअली फीड कर सकेंगे। जब वह सामान एक्सपायर होने वाला होगा, तो उससे ठीक पहले फ्रिज यूजर को नोटिफिकेशन भेजेगा। यहीं नहीं सैमसंग फूड ऐप के जरिए से यूजर सीधे फ्रिज में एक्सेस कर सकते हैं।

## मारुति सुजुकी सेलेरियो का नया एक्स्ट्रा एडिशन लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी ने फेस्टिव सीजन के लिए इंडियन मार्केट में सेलेरियो का नया एक्स्ट्रा एडिशन लॉन्च किया है। कंपनी ने कार की कीमतों का खुलासा नहीं किया है। हालांकि, ऑल्टो और एस-प्रेसो के एक्स्ट्रा एडिशन की तरह सेलेरियो के रेगुलर वैरिएंट से 25 हजार रुपए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 5.36 लाख रुपए से शुरू होती है, जो टॉप वैरिएंट में 7.14 लाख रुपए तक जाती है। कंपनी ने कार में सिर्फ कुछ कॉस्मेटिक चेंजेस किए हैं। एक्स्ट्रा एडिशन में नई एक्सेसरीज मिलेंगी। इसमें व्हील आर्च क्लैडिंग, बॉडी साइड मोल्डिंग, डोर वाइजर गार्निश इंसर्ट, मल्टीमीडिया स्टीरियो सहित कई अपडेशन शामिल हैं। इसके अलावा इंटीरियर में स्टाइलिंग किट, 3डी मैट, बूट मैट, डोर सिल गार्ड, स्टीयरिंग कवर, नंबर प्लेट गार्निश जैसी एडिशनल चीजें मिलेंगी।

## गिल के टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके पर सुनील ने उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सुनील गावस्कर ने शुभमन गिल से टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी करते हुए अपनी आक्रामकता पर लगाम लगाने की बात कही। गिल ने सुपरस्पोर्ट पार्क में दो और 26 रन बनाये थे जिसमें वह पहली पारी में तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर और दूसरी पारी में मार्को यानसेन का शिकार हो गए थे। भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल टेस्ट क्रिकेट खेलते समय कुछ ज्यादा ही आक्रामक अंदाज में खेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में, गिल अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहे, दो और 26 के स्कोर दर्ज किए, क्योंकि भारत तीन दिनों के भीतर पारी और 32 रन से हार गया। पहली पारी में, गिल नांद्रे बर्गर की एक वाइड गेंद को ग्लांस करने की कोशिश में लेग पर कैच आउट हो गए। दूसरी पारी में, गिल ने फुलर डिलीवरी के खिलाफ लाइन के विपरीत खेलने की कोशिश की, लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बर्गर ने उनके मध्य स्टंप को उखाड़ दिया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे लगता है कि वह टेस्ट क्रिकेट में कुछ ज्यादा ही आक्रामक तरीके से खेल रहे हैं।

### सिमरनजीत पुरुष और रजनी इतिमारपु महिला टीम की कमान संभालेंगे

# हॉकी महिला विश्वकप 24 तो पुरुषों की स्पर्धा 28 जनवरी से होगी शुरू

**मुंबई, एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी 5 विश्वकप के लिए महिला और पुरुष टीम की घोषणा की। हॉकी इंडिया ने कहा कि सिमरनजीत सिंह पुरुष और रजनी इतिमारपु महिला टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा कि हॉकी महिला विश्वकप 24 से 27 जनवरी तक तथा पुरुषों की प्रतियोगिता 28 जनवरी से 31 जनवरी तक होगी। उन्होंने बताया कि भारतीय महिला टीम का नेतृत्व अनुभवी गोलकीपर रजनी एतिमारपु करेंगी और उप कप्तान डिफेंडर महिमा चौधरी को बनाया गया है। दूसरे गोलकीपर के रूप में बंसारी सोलंकी और डिफेंडर के रूप में अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति छत्री शामिल हैं। मिडफील्डरों में मारियाना कुजूर और मुमताज खान को नामित किया गया है जबकि अजमीना कुजूर, रुताजा दादासो पिसल और दीपिका सोरेंग को फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है। भारतीय पुरुष टीम में अनुभवी फारवर्ड सिमरनजीत सिंह, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, डिफेंडर मनदीप मोर के साथ टीम का नेतृत्व करेंगे। गोलकीपर सूरज करकेरा और प्रशांत कुमार चौहान, डिफेंस में मंजीत के साथ मंदीप मोर भी शामिल होंगे। मिडफील्ड में मोहम्मद राहील मौसीन और मनिंदर सिंह हैं जबकि फारवर्ड लाइन में कप्तान सिमरनजीत के साथ पवन राजभर, गुरजोत सिंह और उत्तम सिंह शामिल हैं।



### महिला विश्वकप में कुल 16 टीमें भाग लेंगी

महिला विश्वकप 2024 में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। भारतीय महिला टीम को नामीबिया, पोलैंड और अमेरिका के साथ पूल सी में रखा गया है। पूल ए में फिजी, मलेशिया, नीदरलैंड और मेजबान ओमान हैं जबकि पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन और जाम्बिया हैं और पूल डी में न्यूजीलैंड, पराग्वे, थाईलैंड और उरुग्वे है। टीम के चयन पर कोच सौंदर्या ने कहा, टीम में युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिनके पास पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और हॉकी के विश्वकप जैसे प्रतिष्ठित आयोजन में खेलने की चुनौतियों की समझ है। हम अच्छी तरह से तैयार हैं और टूर्नामेंट से पहले उत्साहित हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## अर्जुन कपूर और आयुष्मान खुराना ने 'खो गए हम कहां' की तारीफ की

अनन्या पांडे, आदर्श गौरव और सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर रोमांटिक ड्रामा 'खो गए हम कहां' इस साल की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली बॉलीवुड फिल्मों में से एक बन गई है। अब तक कई सेलिब्रिटीज फिल्म की तारीफ कर चुके हैं। अब, अर्जुन कपूर और आयुष्मान खुराना भी इसमें शामिल हो गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की तारीफ की हैं। आयुष्मान खुराना ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- लव इट (इस फिल्म से प्यार हो गया)। अर्जुन कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म की तारीफ की। उन्होंने लिखा कि खो गए हम कहां फिल्म देखने का एक एक्सपीरियंस बहुत अलग था...फिल्म की स्टोरी,एक्टिंग और डायरेक्शन बहुत अच्छा था.. अभी हम जिस समय में रहते हैं और जिन मुद्दों से हम जूझते हैं, उन्हें बहुत खूबसूरती से दिखाया गया है। उन्होंने आगे अनन्या, आदर्श और सिद्धांत की तारीफ की और कहा- आपने जो ब्रदरहुड फिल्म में शेयर किया है वही फिल्म की जान है। वो दोस्ती जो आपको यह महसूस कराती है कि ये हम में से एक है।

### मलाइका और कटरीना ने कर चुकी है तारीफ

कटरीना कैफ ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का रिव्यू दिया। उन्होंने लिखा- मुझे ये फिल्म बहुत पसंद आई। ये फिल्म जरुर देखें। बता दें फिल्म में मलाइका अरोड़ा ने बहुत छोटा किरदार निभाया है। उन्होंने डायरेक्टर अर्जुन वरैन सिंह की तारीफ की और उन्हें कूल बताया। मलाइका ने आगे लिखा- मुझे फिल्म बहुत ज्यादा पसंद आई। फिल्म बहुत अच्छी तरह से लिखी गई है, उतनी ही खूबसूरती से दिखाया गया है।



**शादी के बाद होगी पहली फिल्म**

## फिल्म 'चमकीला' में आएंगी नजर परिणीति



फिलहाल परिणीति अपनी अपकमिंग फिल्म चमकीला में वयस्त हैं। इस फिल्म वे दिलजीत दोसांझ के साथ मुख्य भूमिका में हैं, जिसे इम्तियाज अली डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म की कहानी दो पंजाबी लोकप्रिय गायक अमरजोत कौर और अमर सिंह चमकीला के इर्द-गिर्द बुनी गई है। इसमें परिणीति अमरजोत और दिलजीत चमकीला के किरदार में नजर आएंगे। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। अभिनेत्री कुछ महीने पहले ही आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के साथ शादी के बंधन में बंधी हैं। रविवार को परीणीति ने अपनी मां रीना चोपड़ा का जन्मदिन मनाया। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने मां के साथ अपनी सगाई की एक तस्वीर भी साझा की।

### परिणीति ने सगाई की तस्वीर की शेयर

परिणीति ने अपनी मां को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, दुनिया की सबसे बेहतरीन महिला को जन्मदिन की शुभकामनाएं। इस तस्वीर वे अपनी सगाई के ड्रेस में नजर आ रही हैं। वहीं, उनकी मां ने सफेद रंग साड़ी पहन रखी है। परिणीति ने अपनी सगाई में मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन फुल स्लीव टर्टल नेक सूट में नजर आईं थी। खुले बालों और बड़े ईयररिंग्स के साथ उन्होंने मांग टीका भी पहन रखा था, जिसमें वे बेहद ही खूबसूरत लग रही थी।

### सितंबर में शादी के बंधन में बंधी


गौरतलब है कि परिणीति की सगाई राघव चड्ढा से 13 मई को नई दिल्ली के कपूरथला हाउस में हुई थी। इसके बाद 24 सितंबर को राजस्थान के उदयपुर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। इस शादी में इंडस्ट्री के कई जानी-मान हस्तियां और राजनेता शामिल हुए थें।

## शहनाज बोली- सलमान और रणबीर के साथ करना चाहती है काम



शहनाज गिल ने बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं. वह बॉलीवुड की सबसे क्यूट सेलिब्रिटी में से एक हैं. बिग बॉस 13 ने शहनाज को अलग पहचान दिलाई थी जिसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया है. शहनाज ने फिल्म किसी का भाई किसी की जान से इंडस्ट्री में एंट्री की. इस फिल्म में वह सलमान खान के साथ नजर आीं थीं. फिल्म में अपनी एक्टिंग की वजह से शहनाज को लोगों ने खूब प्यार दिया था. सलमान खान के साथ करने के बाद शहनाज गिल अब रणबीर कपूर के साथ काम करना चाहती हैं. उन्होंने एक इंटरव्यू में रणबीर के साथ काम करने की इच्छा जताई है.

शहनाज गिल ने बताया कि साल 2023 उनके लिए इवेंटफुल रहा है. शहनाज ने कहा कि वह अब और मैच्योर हो गई हैं. पहले वो बच्ची हुआ करती थीं. अब मुझे पता है कि कुछ सिचुएशन्स को कैसे हैंडिल करना है. शहनाज ने बताया कि वह हर सुपरस्टार के साथ काम करना चाहती हैं. उन्होंने कहा-अगर मुझे पहले किसी पर उंगुली रखनी होगी तो वो रणबीर कपूर हैं. मैं उन्हें कभी पर्सनली नहीं मिली हूं लेकिन उन्हें इवेंट में दूर से जरुर देखा है.



### ऑडिशन देने में नहीं है दिक्कत

शहनाज ने आगे कहा कि मुझे अब ऑडिशन देने में कोई परेशानी नहीं है और वह ऑडिशन देने के लिए तैयार हैं. उन्होंने कहा, पहले, मैं ऑडिशन का महत्व नहीं जानती थी. अब मुझे पता है. वर्कफ्रंट की बात करें तो शहनाज आखिरी बार भूमि पेडनेकर और अनिल कपूर के साथ थैंकयू फॉर कमिंग में नजर आईं थीं. इस फिल्म में उनके साथ कुशा कपिला, शिबानी बेदी और डॉली सिंह ने भी अहम किरदार निभाया था. इस फिल्म को करण बूलानी ने डायरेक्ट और रिया कपूर ने प्रोड्यूस किया था. वहीं रणबीर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में रिलीज हुई फिल्म एनिमल में नजर आए थे. इस फिल्म में उनके साथ रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था.



# कमला नगर पुलिस ने इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कमला नगर पुलिस ने इलाके के शातिर बदमाश राहुल निरापुरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर दो हजार रुपए का इनाम घोषित था। उसके खिलाफ मारपीट, अड़ीबाजी , तोड़फोड़ समेत चार अपराध दर्ज थे, जिसमें वह फरार था। आरोपी के खिलाफ कुल 45 अपराध दर्ज है।

पुलिस के अनुसार बदमाश राहुल इलाके का निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ 45 अपराध दर्ज है। उसकी पुलिस को लंबे समय से तलाश की थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अधिकारियों ने इनाम भी घोषित किया था। कमला नगर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया था। टीम को सूचना मिली कि आरोपी इलाके में घूम रहा है और किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। लिहाजा पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को दबोच लिया।

## नए साल पर चैकिंग अभियान



भोपाल। नये साल पर देर रात तक पुलिस ने सड़कों पर वाहन व चालकों की चैकिंग कर सघन अभियान चलाया। -फोटो : निर्मल व्यास

# तलैया में टेंट कारोबारी पर चली गोली का मास्टर माइंड गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

तलैया थानांतर्गत बुधवारा इलाके में टेंट कारोबारी पर गोली चलने की घटना के मास्टर माइंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए 2जनवरी तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में तीन आरोपियों की पहले ही गिरफ्तारी कर ली गई थी, जबकि घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी होना बाकी है।

थाना प्रभारी सीएस राठौर ने बताया कि तलैया निवासी नवाज रियाज टेंट कारोबारी हैं। बीती 3 दिसंबर को तीन बदमाशों ने उनके साथ मारपीट कर गोली चलाकर घायल कर दिया था। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि तीन अन्य फरार थे। घटना के मुख्य आरोपी आमिर अली को रविवार को उस वक्त पकड़ा गया, जब वह अपने परिवार वालों से मिलने के लिए आया हुआ था। इसके पहले वह झांसी, छतरपुर और मुंबई में फरारी काट रहा था। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि टेंट कारोबारी से उसका दुकान को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते उसने गोली चलवाई थी। पुलिस घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### पुलिस से कहा- मुझे विधायक मनोनीत किया गया है, नियुक्ति पत्र लेने आई हूं

# डिप्टी सीएम के बंगले के बाहर बैठी मानसिक बीमार महिला को पुलिस ने परिजनों के हवाले किया

भोपाल, दोपहर मेट्रो



फाइल फोटो

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला के बंगले के बाहर बैठी मानसिक रूप से कमजोर एक महिला को पुलिस ने अपने संरक्षण में लिया और जबलपुर से परिजनों को बुलाकर उन्हें सकुशल सुपुर्द कर दिया। महिला का कहना है कि उसे विधायक का प्रमाण पत्र लेना था, इसलिए वह भोपाल डिप्टी सीएम से मिलने के लिए आई थी।

पुलिस के मुताबिक शनिवार को सूचना मिली कि एक महिला उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के चार इमली स्थित बंगेले के बाहर बैठी हुई है, लेकिन किसी बात का जवाब नहीं दे रही। सूचना मिलते ही महिला थाना प्रभारी शिल्पा कौरव हमराह बल एसआई एड्रियाना भगत, महिला आरक्षक पूजा सहगल, पूनम जयवार, महिला सैनिक रुकसाना को लेकर डिप्टी सीएम के बंगले पर पहुंची। बंगले के बाहर बैठी महिला से जब थाना प्रभारी ने बातचीत की तो उसका कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और ज्योतिरादित्य ने फोन करके उसे सदर कैंट जबलपुर का मौखिक विधायक मनोनीत किया गया है। इसलिए वह अपना नियुक्ति पत्र उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से लेने जबलपुर से भोपाल आई है। बातचीत से महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लगने से निरीक्षक शिल्पा कौरव उन्हें लेकर थाने पहुंची और दस्तावेजों के आधार पर जबलपुर में रहने वाले उनके परिजनों से संपर्क किया।

### महिला के पास थी नकदी व जेवरात

महिला के सामान की तलाशी लेने पर 13 हजार सात सौ रुपए नकद मिले थे। वह सोने के जेवरात भी पहने हुई थी। रविवार को महिला के भाई भोपाल स्थित महिला थाना पहुंचे। उन्होंने बताया कि बड़ी बहन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह 28 दिसंबर को घर से बगैर बताए निकल गई थी, जिसके बाद से परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। परिजन और महिला के बयान लेने के बाद उसे घरवालों के सुपुर्द कर दिया गया, जिसे लेकर वह जबलपुर के लिए रवाना हो गए। घरवालों को महिला के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर 15 दिन में 1 हजार पुलिसकर्मी हुए पदोन्नत

**भोपाल।** पदभार संभालने के तत्काल बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान, पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए 15 दिवस में पदोन्नति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया था।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना द्वारा पुलिस विभाग की सभी शाखाओं एवं विभिन्न पुलिस इकाइयों के पुलिस अधीक्षकों, रेंज डीआईजी और जोनल आईजी को योजनाबद्ध तरीके से त्वरित कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन शाखा एवं विभिन्न पुलिस इकाइयों की स्थापना शाखा से जुडें अधिकारियों, कर्मचारियों ने अवकाश के दिनों में भी कार्य करके संबंधित शासकीय सेवकों के सेवा विवरण तथा अन्य रिकॉर्ड प्राप्त किए। विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सेवा विवरण, रिकॉर्ड के परीक्षण के उपरांत योग्यता सूची जारी कर जिला बल के 298 उप निरीक्षकों को निरीक्षक पद पर, 39 सूबेदारों को रक्षित निरीक्षक पद पर एवं विभिन्न जिला इकाइयों द्वारा 242 प्रधान आरक्षकों को सहायक उपनिरीक्षक पद पर तथा 210 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) में विभिन्न संवर्गों (जीडी, आर्म्स अश्वारोही, बैंड) में 67 उप निरीक्षक से निरीक्षक, 118 सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक एवं 167 प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक अधिकारियों, कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई। विशेष शाखा में विभिन्न रैंक के 56 अधिकारियों, कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई। पुलिस रेडियो शाखा में आरक्षक से प्रधान आरक्षक के 7 पदों पर, प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के 37 पदों पर तथा उन्नत समयमान के 48 पदों पर पदोन्नति प्रदान की गई' एडीजी स्तर के 2, आइजी स्तर के 15, डीआईजी स्तर के 18 , प्रवर श्रेणी वेतनमान में 5 तथा जेएजी वेतनमान में 7 आइपीएस अधिकारियों को पदोन्नत किया गया। इस प्रकार पुलिस विभाग में 15 दिन से भी कम समय में 1334 पदोन्नतियां प्रदान की गई।

# आज जिला स्तरीय टीम डीईओ को सौंपेगी रिपोर्ट

### सरकारी स्कूल में छत का प्लास्टर गिरने का मामला

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



राजधानी के शाहजहांनाबाद की रामनगर कॉलोनी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में चलती क्लास में छत का प्लास्टर गिरने के मामले में जिला स्तर पर बनाई गई जांच टीम सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट सौंपेगी। जिसके बाद मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राजधानी के शाहजहांनाबाद की रामनगर कॉलोनी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में बीते शुक्रवार एक कक्षा में छत का प्लास्टर गिर गया था। इस दौरान यहां कक्षा चैथी और पांचवी के करीब 17 बच्चे पढ़ाई कर रहे थे और एक शिक्षिका मौजूद थी। इस हादसे में शिक्षिका और दो बच्चे घायल हो गए, जिन्हे तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जा गया था। मामले में डीईओ द्वारा बनाई गई जांच समिति ने बीते शनिवार को स्कूल का दौरा किया था। इस टीम में डीपीसी आरके यादव, सहायक संचालक एनके अहिरवार, बीईओ फंदा आरएन श्रीवास्त्री सहित अन्य शामिल है। टीम द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया है।


# परवलिया में पिकअप वाहन से टकराकर बाइक सवार युवक की हुई मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो




परवलिया इलाके में रविवार सुबह बाइक सवार एक युवक सामने से आ रही पिकअप वाहन से टकरा गया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि सुबह कोहरे के कारण बाइक सवार को पिकअप वाहन दिखाई नहीं दिया था। मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक भारतसिंह अहिरवार (42) मूलतः ग्राम बिछिया थाना दोहारा जिला सीहोर का रहने वाला था। फिलहाल वह परवलिया थानांतर्गत ग्राम रातीबड़ स्थित एक खेत पर काम करता था। वह रोजाना गांव से खेत पर आता और काम के बाद शाम को वापस लौट जाता था। रविवार सुबह खेत पर पानी लगाने के लिए वह बाइक से निकला था। सुबह करीब नौ बजे परवलिया से रातीबड़ की तरफ आ रही पिकअप वाहन से उसकी बाइक टकरा गई। गंभीर रूप से घायल भारतसिंह को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि कि बाइक सवार को बचाने के लिए पिकअप के चालक ने अपने वाहन को खेत में उतार दिया था, इसके बावजूद बाइक सवार सीधे जाकर वाहन से भिड़ गया था। पुलिस ने टक्कर मारने वाले पिकअप को जब्त कर लिया है।



# आर्थिक तंगी से परेशान होकर कैब ड्राइवर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित प्रेम नगर छोला में आर्थिक तंगी से परेशान होकर कैब ड्राइवर ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार जगदीश साहू पिता राम प्रसाद साहू (35) प्रेम नगर छोला में रहता था और कैब चलाता था। उसके परिवार में माता पिता, पत्नी और दो बच्चे हैं। परिजन ने बताया कि कल रात करीब 11 बजे के आसपास जगदीश घर के ऊपर वाले कमरे में गया था। वहां उसने पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पत्नी ऊपर कमरे में पहुंची तो उसने पति को फांसी के फंदे पर देखकर शोर किया था। इसके बाद परिजन ऊपर पहुंचे और जगदीश को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण करने पर पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है।




**मेट्रो एंकर**


### आऊटसोर्स से चहेतों की भर्ती का विरोध

# बिजली कंपनी दे रही बेरोजगारी को बढावा: आरोप

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ ने आरोप लगाया है कि मप्र की विद्युत कंपनियां बेरोजगारी को बढ़ावा दे रही हैं। प्रबंधन मे प्रभाव रखने वाले सेवानिवृत्ति अधिकारियों की नियम विरुद्ध हो रही है भर्तियां की जा रही हैं। अभियंता संघ ने इसका विरोध किया है।

संघ के महासचिव विकास शुक्ला ने कहा कि सरकार की मंशा के विपरीत तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को रोजगार देने की जगह विद्युत कंपनियों में (मुख्यतः मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड) के प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों को विभिन्न माध्यम से पुनः सेवा मे लिया जाने हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है। विद्युत प्रबंधन के हठधर्मी रवैये से विद्युत कर्मियों मे भारी रोष व्याप्त है। शुक्ला द्वारा बताया गया कि कंपनियों के शीर्ष प्रबंधन द्वारा विशेषज्ञों के नाम पर बैक डोर से अपने चहेते सेवानिवृत्त अधिकारियों



को आउटसोर्स के माध्यम से भर्ती किया जा रहा है। जिसका अभियंता संघ पुरजोर विरोध करता है। ज्ञात हो कि प्रदेश की विजली का मूल्य प्रति यूनिट का निर्धारण एम.पी.ई.आर.सी. द्वारा किया जाता है, ऐसे मे उत्पादन कंपनी प्रबंधन के अव्यावहारिक निर्णय से (बहुतायत में सेवानिवृत्त अधिकारियों कि भारती से) प्रदेश के विजली मूल्य पर भी अतिरिक्त बोझ बढेगा, जो कि कहीं से कहीं तक प्रदेश के विद्युत कंपनियों, विजली उपभोक्ताओ और बिजली कर्मियों के हित मे नहीं है।

उन्होंने कहा कि तर्क दिया जाता है की हमारे पास अनुभवी अधिकारियों की कमी है, जो कि पूर्णताः निराधार है, इस तरह की नियुक्तिया भाई-भतीजा वाद एवं भ्रष्टाचार को ब?ावा देने के अतिरिक्त और कुछ नही है। अभियंता संघ ने पत्र लिख कर मुख्य मंत्री से मांग की है कि अनावश्यक रूप से एवं नियम विरुद्ध की जा रही सेवानिवृत्त अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया में स्वसंज्ञान हस्तक्षेप करते हुए तत्काल प्रभाव से स्थगित की जावे एवम पूर्व में भी हुए ऐसे सभी नियुक्तियों को निरस्त करने हेतु सम्बंधितों को निर्देशित किया जावे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022